राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 61
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
गुरुवार 15 सितंबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट

पेज 3 एक अक्टूबर से मांगने वालों को ही बिजली पर सब्सिडी मिलेगी, सब्सिडी के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

पेज 5 सुलतानपुर : बेकाबू ट्रक चाय की दुकान पर पलटा, 03 लोगो की मौत, 07 घायल

पेज 7 गुजरात के सेमीकंडक्टर प्लांट से कैसे चीन को मिलेगी मात, क्यों बढ़ी ड्रैगन की टेंशन

# बस हादसे में 12 की मौत

## अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी बस, 30 घायल; 5 को जम्मू एयरलिफ्ट किया गया



### मृतकों के परिवार को 5 लाख रुपए देने की घोषणा

**जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सभी मृतकों के परिवार को 5 लाख और घायलों को 1-1 लाख रुपए देने की घोषणा की है। साथ ही घायलों के बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। PMNRF ने भी मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए देन की घोषणा की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी दुर्घटना पर शोक जताया है। उन्होंने ट्वीट किया- पुंछ के सवजियां में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में लोगों की मौत अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं।**

एजेंसी

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बुधवार को एक बस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 30 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें मंडी और पुंछ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सेना के साथ स्थानीय लोगों ने बस में फंसे घायल यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। घायलों में से 5 लोगों को जिला अस्पताल से जम्मू के जीएमसी हॉस्पिटल में एयरलिफ्ट किया गया है।

मंडी तहसीलदार शहजाद लतीफ के मुताबिक, दुर्घटना सवजियां के पास सुबह करीब साढ़े 8 बजे हुई।

मिनी बस मंडी से सवजियां जा रही थी। बस जैसे ही सवजियां के पास बरारी बल्लाह पहुंची, ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और गहरी खाई में जा गिरी। मौके पर ही 9 लोगों की मौत हो गई थी। बाकी 4 लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

हादसे में अपनी जान गंवा चुके 9 लोगों की पहचान की गई है। इनमें मरूफ अहमद (14), बशीर अहमद (40), रोजसिया अख्तर (18), जरीना बेगम (40), मोहम्मद हसन (65), नाजिमा अख्तर (20), इमरान अहमद (5), अब्दुल करीम (70) और अब्दुल कयूम (40) शामिल हैं।

## महारानी एलिज़ाबेथ की अंत्येष्टि में शामिल होंगी राष्ट्रपति मुर्मू

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए 17 से 19 सितंबर तक ब्रिटेन जाएंगी और उन्हें भारत सरकार की ओर से शोक संवेदनाएं प्रकट करेंगी। राष्ट्रमंडल देशों की प्रमुख एवं ब्रिटेन की राष्ट्राध्यक्ष रहीं महारानी एलिज़ाबेथ का आठ सितंबर को निधन हुआ था। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को ब्रिटिश उच्चायोग में जाकर औपचारिक रूप से भारत की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की। भारत ने दिवंगत महारानी के सम्मान में 11 सितंबर को एक दिन का राष्ट्रीय शोक भी घोषित किया था। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए कहा कि महारानी एलिज़ाबेथ के 70 वर्ष के लंबे शासनकाल में भारत एवं ब्रिटेन के बीच संबंध खूब फले फूले एवं मजबूत हुए।

# इंडियन कोस्ट गार्ड ने गुजरात में पकड़ी पाकिस्तानी नाव अल तैयसा, 200 करोड़ की हेरोइन भी बरामद

एजेंसी

कच्छ। भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते ने बुधवार सुबह 200 करोड़ रुपए कीमत की 40 किलो ड्रग्स के साथ एक पाकिस्तानी नाव को पकड़ा। कोस्ट गार्ड की दो फास्ट अटैक बोट ने पाकिस्तानी नाव अल तैयसा का पीछा किया और जखौ पोर्ट से 33 नॉटिकल मील की दूर पर नाव को पकड़ लिया।

### पंजाब में होनी थी ड्रग्स की डिलीवरी

नाव से पकड़े गए लोगों से पूछताछ की में कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई कि इस ड्रग्स की डिलीवरी पंजाब में होनी थी। डिलीवरी किस सख्श के जरिए होनी थी। इसकी जांच जारी है। यहां एक चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि ड्रग्स का यह जत्था पंजाब की एक जेल में कैद नाइजीरियन कैदी द्वारा मंगवाई गई थी।

### पिछले दो साल में ड्रग्स जब्ती के बड़े मामले

21 अप्रैल 2022 कांडला बंदरगाह से 250 किलो हेरोइन जब्त
3 मार्च 2022, अहमदाबाद हवाई अड्डे से 60 करोड़ की एमडी ड्रग्स जब्त
12 फरवरी 2022 पोरबंदर तट से 800 किलो ड्रग्स जब्त
15 नवंबर 2021, मोरबी से 600 करोड़ की ड्रग्स जब्त
10 नवंबर 2021, द्वारका से 65 किलो ड्रग्स जब्त
10 नवंबर 2021 सूरत से 5.85 लाख की ड्रग्स जब्त
24 अक्टूबर 2021, अहमदाबाद से 25 लाख की ड्रग्स जब्त
23 सितंबर 2021, पोरबंदर समुद्र से 150 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त
16 सितंबर 2021, मुंद्रा बंदरगाह से 21 हजार करोड़ रुपए कीमत की 3000 किलो ड्रग्स जब्त

### हाल ही में वडोदरा में पकड़ाई थी फैक्ट्री

पिछले महीने वडोदरा में एमडी ड्रग्स पकड़ी गई है, वहीं इसे अवैध रूप से बनाया जा रहा था। एटीएस ने मोक्सी गांव में इस फैक्ट्री से 200 किलो एमडी ड्रग्स बरामद की थी। ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1000 करोड़ रुपए के करीब है। एटीएस के डीआईजी दीपेन भद्रन ने बताया था कि जब्त की गई ड्रग्स करीब 6 महीने पहले तैयार की गई थी। इस बात की पूरी संभावना है कि एक बार में ही काफी मात्रा में ड्रग्स तैयार की गई हो, जिसे देश के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई कर दिया गया हो।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन से 8 घंटे पूछताछ : दिल्ली पुलिस ने एक्ट्रेस से 100 सवाल किए

दिल्ली। ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में बुधवार को एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज और पिंकी ईरानी से पूछताछ हुई। दिल्ली की पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेस विंग ने 8 घंटे की पूछताछ में 100 से ज्यादा सवाल किए।

सूत्रों के मुताबिक, पहले जैकलीन और पिंकी ईरानी के अलग-अलग बयान दर्ज किए गए। उसके बाद दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई।

जैकलीन और पिंकी के कई जवाबों में समानता नहीं थी। जैकलीन



कई सवालों के जवाब भी ठीक से नहीं दे पाईं। एक्ट्रेस सुबह 11 बजे दिल्ली पुलिस के ऑफिस पहुंच गई थीं। दिल्ली पुलिस ने इससे पहले जैकलीन को 29 अगस्त और 12 सितंबर को दो बार समन किया था, लेकिन वे पहुंच नहीं पाई थीं। इसके बाद 14 सितंबर की तारीख दी गई। जैकलीन ईरानी के जरिए ही ठग सुकेश चंद्रशेखर के संपर्क में आई थीं। जांच एजेंसी ने एक्ट्रेस नोरा फतेही और पिंकी ईरानी को गुरुवार को समन किया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, जैकलीन और पिंकी को आमने-सामने बैठाकर भी पूछताछ की गई। इससे पहले इसी मामले में दिल्ली पुलिस बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही से 6 घंटे की पूछताछ कर चुकी है। इस मामले की जांच EOW और ईडी कर रही हैं।

# अहमदाबाद में 13वीं मंजिल का स्लैब टूटा, 7 की मौत

## ज्यादा वजन की वजह से हादसा; सभी 8 मजदूर सेफ्टी नेट पर गिरे, लेकिन वह भी टूट गई

अहमदाबाद। अहमदाबाद में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक निर्माणाधीन इमारत की 13वीं मंजिल का स्लैब टूट गया और इस पर काम कर रहे 8 मजदूर नीचे आ गिरे। इनमें से 7 की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल हो गया

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, सभी मजदूर एक साथ स्लैब पर खड़े थे। बताया जा रहा है कि ज्यादा वजह होने से यह हादसा हुआ। स्लैब कमजोर था। स्लैब टूटते ही सभी आठ मजदूर एक साथ नीचे गिरे। हालांकि, इन मजदूरों



की सेफ्टी के लिए आठवीं मंजिल पर एक नेट भी लगाई गई थी, लेकिन ये कमजोर निकली। मजदूर नेट के साथ नीचे गिर गए। इनमें से 2 मजदूर ग्राउंड फ्लोर पर, जबकि 6 बेसमेंट में गिरे। इनमें से 7 ने नीचे गिरते ही दम तोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुन्ख व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। साथ ही यह भी लिखा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों के परिवारों की हर संभव सहायता प्रदान कर रही है।

### हादसे के बाद फरार हो गया सुपरवाइजर

**जब पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, तो सुपरवाइजर मौके से फरार हो गया। हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों के नाम संजयभाई बाबूभाई नायक, जगदीशभाई रमेशभाई नायक, अश्विनभाई सोमाभाई नायक, मुकेश भरतभाई नायक, राजमल सुरेशभाई खराडी और पंकजभाई शंकरभाई खराडी हैं।**

# मुंबई में ईडी का 4 ठिकानों पर छापा

## प्राइवेट लॉकर्स से मिला 91.5 किलो सोना और 340 किलो चांदी, बैंक से लिया था 2,296 करोड़ का लोन

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को मुंबई स्थित कंपनी मेसर्स रक्षा बुलियन और मेसर्स क्लासिक मार्बल्स के 4 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने छापे में 91.5 किलो सोना और 340 किलो चांदी जब्त की है। इसकी कीमत करीब 47.76 करोड़ बताई जा रही है। ईडी के अफसरों ने मेसर्स पारेख एल्युमिनेक्स लिमिटेड के खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग केस में इन ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान सराफा कंपनी के परिसर से कुछ गुप्त



निजी लॉकर्स की चाबियां मिलीं थीं। निजी लॉकर्स की तलाशी लेने पर पता चला कि लॉकर का इस्तेमाल बिना नियमों के पालन के किया जा रहा था। उसमें कोई केवाईसी का पालन नहीं किया गया। न ही परिसर में कोई सीसीटीवी कैमरा था।

### तीन लॉकर्स में मिली रक्षा बुलियन का सोना-चांदी

परिसर में 761 लॉकर मिले, जिनमें से तीन रक्षा बुलियन के थे। एक लॉकर से 91.5 किलो सोना और दो अलग-अलग लॉकर्स से 152 और 188 किलों चांदी जब्त की गई। पारेख एल्युमिनेक्स लिमिटेड के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला मार्च 2018 से चल रहा है। कंपनी पर आरोप था कि इसने बैंकों से झूठ बोल कर 2,296.58 करोड़ रुपए का लोन लिया था। 2019 में इस मामले में 205 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति भी कुर्क की जा चुकी है।

### 2019 में की गई थी 205 करोड़ की संपत्ति कुर्क

ईडी ने दावा किया कि यह पैसा पारेख एल्युमिनेक्स लिमिटेड ने कई कंपनियों के जरिए लेयरिंग करके निकाला था। इतना ही नहीं कंपनी ने इन्वेस्टमेंट के लिए पैसा कई खातों में भी भेजा। लेकिन इस तरह के लेनदेन के लिए कोई एग्रीमेंट नहीं किया गया था।

# पंजाब में हाईवे पर ट्राला पलटा, 3 की मौत

## बजरी ले जा रहे वाहन की चपेट में आईं 2 कारें

एजेंसी

नवांशहर/जालंधर। फगवाड़ा-चंडीगढ़ हाईवे पर ट्राला के नीचे एक कार दब गई और उसमें सवार माता-पिता और बेटे की मौत हो गई।

पंजाब के जालंधर में ट्राला पलटने से 3 लोगों की मौत हो गई। हादसे का वीडियो सामने आया है, यह कब हुआ, अभी पता नहीं चला है। घटना जालंधर के माहिलपुर चौक की है। सभी मृतक एक ही परिवार के थे।

वीडियो में दिख रहा है कि हाईवे पर आ रहा ट्राला अचानक एक मोड़ के पास टर्न लेता है। बजरी भरी होने के कारण संतुलन खोता है और पलट जाता है।



सामने की तरफ से आ रही दो कारें चपेट में आ जाती हैं।

हादसे में एक कार (पीबी-06एबी-1297) में सवार माता-पिता और उनके बेटे की दबने से मौत हो गई। दूसरी कार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन इसमें सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। सारी घटना हाईवे पर लगे कैमरों में कैद हो गई। ट्राला का ड्राइवर मेजर सिंह हादसे के बाद फरार हो गया।

हादसे वाले पति-पत्नी बटाला से अपने बेटे के साथ गढ़शंकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही हादसे का शिकार हो गए। बहराम पुलिस ने ट्राला ड्राइवर मेजर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने मौके पर जेसीबी मशीन मंगवा कर कार में दबे तीन लोगों के शव बाहर निकाले। जेसीबी से ट्राला को खींच कर बंद पड़े हाईवे को खुलवाया। बहरहाल, पुलिस मौके से फरार हुए ड्राइवर को ढूंढने के लिए छापेमारी कर रही है।

# आंध्र प्रदेश में भारी बारिश से सड़कों पर भरा पानी

## राजस्थान के 10 जिलों में 5 डिग्री तापमान गिरा, एमपी में डेम के गेट खुले

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में मंगलवार को भारी बारिश हुई। इससे राजमार्ग और आवासीय कॉलोनियां जलमग्न हो गईं। सड़कों पर घुटनों तक पानी भरने से यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। वहीं, सड़कों पर फंसे लोगों की जान पर बन आई। इससे जुड़े कई वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। जिसमें लोग सड़क पर पानी में फंसी कार को धक्का देते नजर आए।

इधर, मध्य प्रदेश में भी भारी बारिश से हुई है। नर्मदा नदी पर बने बांध के गेट खोलने पड़े। राजस्थान में भी भारी बारिश के कारण दस जिलों में तापमान पांच डिग्री तक कम हो गया है।

वहीं, बारिश के बाद बंगाल और महाराष्ट्र के कई इलाकों में पानी भर गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, इन दोनों राज्यों में भारी बारिश की आशंका है। उत्तराखंड में 14 और 15 सितंबर को भारी बारिश के आसार हैं। यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



बिहार के 26 जिलों में भी मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

### एमपी :भारी बारिश, तवा डैम के 7 गेट खुले

मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन जोरदार बारिश होने वाली है। भोपाल में सोमवार शाम से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी है। इंदौर में रात 9 बजे से 11 बजे तक जोरदार बारिश हुई। छिंदवाड़ा भी सोमवार सुबह से भीग रहा है। मौसम विभाग ने सिस्टम के एक्टिव रहने से भोपाल, सागर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### राजस्थान : 10 से ज्यादा जिलों में जोरदार बारिश का अलर्ट

राजस्थान में अच्छी बारिश का दौर एक बार फिर शुरू हो सकता है। बीते 48 घंटे में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश हुई। इससे तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट रही है। तेज गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली है।

### बिहार : कई नदियां उफान पर, रिहायशी इलाकों में बाढ़

बिहार में अगले 48 घंटे के लिए 26 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें से आज 8 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इन जिलों में रोहतास, औरंगाबाद, कैमूर, नवादा, गया, भागलपुर, बांका और जमुई शामिल है। इन जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। लगातार बारिश से कई जिलों में नदियां उफान पर हैं। बाढ़ का पानी गांवों में भी घुस गया है।

# शाहजहांपुर में विहिप ने नमाजियों से कराई उठक- बैठक

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में पुलिस ने हाईवे पर नमाज पढ़ रहे 17 लोगों का चालान काटा है। ये लोग पश्चिम बंगाल के रहने वाले है। ये सभी लोग राजस्थान जा रही बस में सवार होकर शाहजहांपुर जा रहे थे। शाहजहांपुर में अजमेर जा रहे कुछ जायरीनों ने नेशनल हाईवे के किनारे नमाज पढ़नी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे विहिप कार्यकर्ताओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। नमाजियों ने विहिप कार्यकर्ताओं के आगे हाथ जोड़े और कान पकड़कर कहा कि, पता नहीं है उत्तर प्रदेश में क्या कानून है ? सूचना पर पहुंची पुलिस बस में सवार सभी नमाजियों को थाने लाई। जहां नमाज पढने वाले 17 नमाजियों और बस का चालान कर किया गया। रात भर रुकने के बाद सभी नमाजी सुबह अजमेर के लिए रवाना हुए। पश्चिम बंगाल से एक बस में सवार 62 जायरीन अजमेर दरगाह जा रहे थे। बीते रविवार को जायरीनों की बस शाहजहांपुर के थाना तिलहर क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर स्थित एक ढाबे पर रुकी। उस वक्त नमाज का समय हो गया। बस में सवार 17 जायरीनों ने नेशनल हाइवे के किनारे नमाज पढ़नी शुरू कर दी।

नमाज पढ़ने की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राजेश अवस्थी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। हंगामा बढ़ता देख नमाजियों ने विहिप कार्यकर्ताओं के आगे हाथ जोड़कर माफी मांगी, उठक-बैठक लगाई और कान पकड़कर ऐसा दोबारा न करने का भरोसा दिलाया। विहिप नेता की सूचना पर तिलहर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और पूछताछ कर सभी नमाजियों को थाने ले आए।

**नकल** — 10 लाख में लेते थे रेलवे एग्जाम पास कराने का ठेका, 4 गिरफ्तार

# आगरा का लोको पायलट यूपी में चला रहा सॉल्वर गैंग

एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में रेलवे भर्ती बोर्ड ग्रुप-डी की ऑनलाइन प्रतियोगी एग्जाम में सॉल्वर गैंग के चार सदस्य पकड़े गए हैं। गीडा थाने की पुलिस और स्वाट टीम के संयुक्त प्रयास से पकड़े गए चारों सदस्यों ने कई चौका देने वाले राज खोले हैं।

आगरा रेलवे में लोको पायलट पद पर तैनात कर्मचारी सॉल्वर गैंग का मेन सरगना है। शातिर सरगना मोटी रकम लेकर प्रतियोगी परीक्षा पास कराने का ठेका लेता है। इस पूरे मामले का खुलासा बुधवार को स्क्र नॉर्थ मनोज कुमार अवस्थी ने किया।




### दीपचंद की जगह पंकज दे रहा था एग्जाम

SP नॉर्थ ने बताया, नौसड़ स्थित एक सेंटर पर रेलवे भर्ती बोर्ड की ग्रुप डी का ऑनलाइन एग्जाम चल रहा था। शाम 4 से 6 बजे तक एग्जाम चलना था। गीडा पुलिस और स्वाट टीम को सूचना मिली थी कि सेंटर पर कैंडिडेट की जगह एक सॉल्वर बैठकर एग्जाम दे रहा है।शाम करीब 5.30 बजे स्वाट प्रभारी मनीष यादव और गीडा थाने की पुलिस सेंटर पर पहुंची। वहां एग्जाम दे रहे एक युवक को पुलिस ने पकड़ा। तब उसने सारी बातें बताईं कि उसका नाम पंकज है। वो बिहार से खोराबार के दीपचंद की जगह एग्जाम देने आया है।

### फोटो शॉप के जरिए बदली फोटो

बिहार निवासी पंकज ने बताया, फर्जी आधार कार्ड और प्रवेश पत्र पर खोराबार निवासी कैंडिडेट दीपचंद की फोटो के साथ अपनी तस्वीर फोटो शॉप के जरिए लगाई थी। पंकज के बताने पर बाहर खड़े सॉल्वर गैंग के तीन और सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा। जिनकी पहचान खोराबार के दीपचंदए चौरी चौरा के इंद्रजीत पासवान और संदीप पासवान के रूप में हुई। इनके पास से दो मोटर साइकिल और पांच मोबाइल बरामद किए गए हैं।

### 10 लाख में लेते थे पास कराने का ठेका

पुलिस के मुताबिक, रामजी 10 लाख रुपए में रेलवे ग्रुप-डी श्रेणी के एग्जाम को पास कराने का ठेका लेता है। इसमे से डेढ़ लाख रुपए वो सॉल्वर को देता है। रामजी तैयारी करने वाले युवाओं को पैसे का प्रलोभन देकर इस धंधे में उन्हें उतारता है।

## शार्ट न्यूज

### जम्मू कश्मीर एसआई भर्ती घोटाला , अधिकारियों के परिसरों की तलाशी

**श्रीनगर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू कश्मीर में पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती घोटाला मामले की जांच के तहत मंगलवार को यहां के अधिकारियों के अलावा देश में करीब 33 स्थानों पर तलाशी अभियान छेड़ा। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि जिन अधिकारियों के परिसरों की तलाशी ली जा रही है उनमें जम्मू- कश्मीर सेवा चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष खालिद जहांगीर, परीक्षा नियंत्रक जेकेएसएसबी अशोक कुमार तथा जम्मू कश्मीर पुलिस के कुछ अधिकारी शामिल हैं। इसके साथ ही दिल्ली , उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद , गुजरात में गांधीनगर और कर्नाटक में बेंगलुरु तथा हरियाणा में करनाल, महेंद्रगढ़ एवं रेवाड़ी में भी छापेमारी की जा रही है। जम्मू कश्मीर में पुलिस उपनिरीक्षक की भर्ती रद्द किए जाने के बाद सीबीआई ने पिछले महीने 33 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। लिखित परीक्षागत 27 मार्च को हुई थी और परिणाम चार जून को घोषित किया गया था। सूची जारी होने के बाद परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे थे।

### आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान

हैदराबाद। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यानम तथा दक्षिणी तटीय आंध्र प्रदेश में 17 और 18 सितंबर को एक या दो स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को बुलेटिन में यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने यहां बुलेटिन में कहा कि 18 सितंबर को तेलंगाना में भी गरज के साथ बौछार पड़ सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले पांच दिनों में तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है या फिर गरज के साथ छींटे पड़ सकते है। बुलेटिन में कहा गया कि पिछले 24 घंटों में तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर बारिश हुई।

### पूर्व मंत्री सम्पत सिंह ने उठाये हरियाणा की नई शिक्षा नीति पर सवाल

हिसार। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा प्राप्त करने जैसे मौलिक अधिकार को समाप्त न करें। उन्होंने आज एक बयान में कहा कि जहां देश और प्रदेश की आबादी 25 वर्ष तक की उम्र तक के युवाओं की लगभग 50 प्रतिशत है। सरकार पढ़ने वाले विद्यार्थियों, पढ़ाने वाले शिक्षकों और नौकरी पाने वाले युवाओं के भविष्य के साथ पिछले सात वर्ष से खिलवाड़ कर रही है। सरकार ने शिक्षा में सुधारीकरण, सुव्यवस्थीकरण और मर्ज करने के नाम पर 301 गांवों के स्कूलों को बंद कर दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि दूसरी तरफ अध्यापकों के 15000 पद खत्म कर दिए तथा 15000 पद केप्ट रख लिए ताकि उनको भी समाप्त किया जा सके। अध्यापकों के पदों को केप्ट करने से स्कूली शिक्षा बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुई है। पहले ही अध्यापकों के लगभग 34980 पद खाली पड़े हैं। सरकार की तबादला नीति की वजह से सैकड़ों स्कूलों में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित व विज्ञान के अध्यापक के पद खाली हो गए हैं। इसी तरह विज्ञान के अध्यापक को गणित, सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को अंग्रेजी, कामर्स के अध्यापक को अर्थशास्त्र पढ़ाने के लिए मजबूर किया जा रहा है जबकि विषयानुसार अध्यापकों का चयन किया गया था।

### कोटा में एक और देहदान प्राप्त

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में आज एक और देहदान हुआ। कोटा मेडिकल कॉलेज में इस साल का यह दूसरा देहदान हुआ है। कोटा में खेड़ली फाटक निवासी देवेंद्र सिंह डोगरा के परिवारजनों ने निधन के बाद पहले नेत्रदान फिर देहदान की सभी प्रक्रिया पूरी की गई दिवंगत के परिजन एमबीएस हॉस्पिटल की मोर्चरी से देह लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां जांच प्रक्रिया के बाद एनोटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ प्रतिमा जायसवाल को देह सौपी। उसके बाद परिजनों को देहदान का सर्टिफिकेट सौंपा गया। नेत्रदान सलाहकार भूपेंद्र हाडा ने बताया कि देवेंद्र डोगरा प्राइवेट कंपनी में जॉब करते थे। उनके तीन बेटे है। वो फिलहाल समाज सेवा से जुड़े थे और पर्यावरण प्रेमी थे। उन्होंने 23 मई 2018 को पत्नी के साथ देहदान का संकल्प लिया था व इसी के तहत देवेंद्र डोगरा के निधन के बाद नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद देहदान के लिए परिजनों से काउसलिंग की। करीब चार घंटे की काउसलिंग के बाद परिजनों ने देहदान की सहमति जताई। शाम को उनकी देह को एमबीएस की मोर्चरी में रखवाया एवं आज उनकी इच्छानुसार मेडिकल कॉलेज में देहदान करवाया। कोटा मेडिकल कॉलेज में अब तक 39 देहदान हो चुके है।

### कोटा में एक किलो से अधिक गांजा बरामद, बदमाश गिरफ्तार

**कोटा।** राजस्थान में कोटा के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बदमाश को एक किलो सौ ग्राम मादक पदार्थ गांजे के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस अधीक्षक केसर सिंह शेखावत ने आज बताया कि कुन्हाड़ी थाना पुलिस ने नान्ता नाका चुंगी के पास नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आए एक व्यक्ति ने पुलिस की नाकाबंदी को देखकर अपनी मोटरसाइकिल को वापस मोड़ लिया। इस पर शक होने पर पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक बैग में रखी एक किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजी बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ़्तार कर मादक पदार्थ लाने के बारे में पूछताछ कर रही है।

### श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी की दलसिंहसराय शाखा के तत्वावधान में हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने का संकल्प लिया



**दलसिंहसराय।** हिंदी दिवस के अवसर पर आज शहर के श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी की दलसिंहसराय शाखा के तत्वावधान में हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्थानीय 40 मेधावी छात्र - छात्राओं के बीच 1,25000 रुपए छात्रवृति के रूप में वितरित कर उन्हें मातृभाषा हिंदी को सशक्त बनाने हेतु संकल्प दिया गया ।प्रत्येक छात्र -छात्राओं को 3000 -3000 रुपए छात्रवृति वितरित करते हुए शाखा प्रबंधक राजीव कुमार ने कहा कि हमारे देश की पहचान हिंदी से है ।हम सभी भाषाओं में दक्ष हों ,लेकिन हिंदी में अति दक्ष हों ,चूंकि यह हमारी मातृभाषा है। उन्होंने कहा कि हमारी कंपनी वित्तपोषण करती है ।हम एफ डी,आर डी आदि भी करते हैं। लेकिन समाज के कमजोर वर्ग के और मेधावी छात्र छात्राओं को छात्रवृति देकर उन्हें देश के शिक्षित नागरिक बनाने में भी सहयोग करते हैं ।मौके पर ब्रांच कलेक्शन मैनेजर संतोष कुमार समेत अनेक पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 19 झारखंड बटालियन एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-8 संपन्न

रांची। जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के एनसीसी कैडेटों का विशेष वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-8 बुधवार को संपन्न हो गया। शिविर का आयोजन 19 झारखंड बटालियन एनसीसी, रांची द्वारा बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, होटवार, रांची में किया गया था। 7 से 14 सितंबर 2022 तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में करीब 500 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। शिविर में रांची, बोकारो, तेनुघाट, मुरहू और मांडर के विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए।

# गोवा के 8 कांग्रेस विधायक भाजपा में शामिल

## विधानसभा में सिर्फ 3 एमएलए की बची पार्टी; भारत जोड़ो यात्रा के बीच झटका



**पणजी।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बीच गोवा में कांग्रेस को करारा झटका लगा है। राज्य में पार्टी के 11 विधायकों में से 8 ने भाजपा का दामन थाम लिया है। इसके चलते अब 40 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के अब तीन ही विधायक बचे हैं। केदार नाइक, संकल्प अमोनकर, राजेश फलदेसाई और रुडोल्फ फर्नांडीस भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले विधायकों में हैं। कांग्रेस को यह झटका ऐसे वक्त में लगा है, जब राहुल गांधी की लीडरशिप में पार्टी तमिलनाडु से जम्मू-कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है। ऐसे में गुलाम नबी आजाद के पार्टी छोड़ने और फिर 8 विधायकों की टूट ने उसे करारा झटका दिया है। कांग्रेस विधायकों के पार्टी में शामिल होने पर प्रमोद सावंत ने कहा कि मैं सभी का भाजपा में स्वागत करता हूं।

सावंत ने इस मौके पर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस ने भारत जोड़ा यात्रा की शुरुआत की है, लेकिन मुझे लगता है कि गोवा में कांग्रेस छोड़ो यात्रा शुरू हो गई है। देश भर में लोग कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। गोवा के राजनीतिक इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब कांग्रेस के राज्य में महज तीन ही विधायक बचे हैं। बता दें कि दिगंबर कामत और माइकल लोबो पार्टी से लंबे समय से नाराज बताए जा रहे थे और जुलाई में भी उन्होंने बगावत की कोशिश की थी, लेकिन कुछ विधायकों का साथ नहीं मिला था।

ऐसे में दलबदल कानून लागू होने के डर से भाजपा में जाने का प्लान टाल दिया गया था। भाजपा में शामिल होने से पहले कांग्रेस के विधायकों ने सीएम प्रमोद सावंत से मुलाकात की थी। यही नहीं माइकल लोबो और दिगंबर कामत ने पिछले दिनों दिल्ली की भी यात्रा की थी। माना जा रहा है कि इन नेताओं ने इस दौरान भाजपा की टॉप लीडरशिप से मीटिंग की थी। उसके बाद ही भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया गया।

गोवा में कांग्रेस को लगा यह झटका उसके मनोबल पर भी असर डालने वाला है, जो लगातार संकटों से उबरने की कोशिश कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा के जरिए कांग्रेस देश के 12 राज्यों में पदयात्रा निकाल रही है। उसे उम्मीद है कि इससे उसके कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ेगा और जनता में भी कनेक्ट बढ़ेगा। लेकिन इस संकट ने उसकी चिंताएं बढ़ा दी हैं।

# कर्नाटक में कन्नड़ भाषा का इस्तेमाल करना अनिवार्य

बेंगलुरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार एक ऐसा कानून बनाने जा रही है जिसमें राज्य में सभी सरकारी कार्यक्रमों में कन्नड़ भाषा का इस्तेमाल करना अनिवार्य होगा।

बोम्मई ने कहा, जमीन, पानी और भाषा के मामलों में हम राजनीतिक विचारों से ऊपर उठकर निर्णय ले रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में, मैं कहना चाहूंगा कि कन्नड़ सभी भाषाओं में सर्वश्रेष्ठ है और हम इसमें और ज्यादा सुधार कर रहे हैं।

विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एच डी कुमारस्वामी द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कन्नड़ भाषा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा हो इसके लिए हम एक कानून ला रहे हैं। इसी सत्र में पहली बार कन्नड़ भाषा को अनिवार्य बनाने के लिए एक कानून लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को चिंतित नहीं होना चाहिए, यह कानून कन्नड़ भाषा और कन्नड़ भाषी लोगों की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, सरकार अन्य भाषा बोलने वाले लोगों को बातचीत में कन्नड़ भाषा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए दबाव डालेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इंजीनियरिंग कॉलेजों को भी कन्नड़ भाषा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पहली बार प्रोफेशनल कॉलेज के छात्रों ने कन्नड़ भाषा में इंजीनियरिंग के पहले सेमेस्टर की परीक्षा दी है।

### चलती ट्रेन में महिला ने बच्चे को दिया जन्म, को-पैसेंजर ने कराई डिलीवरी

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ले जिले में एक महिला ने चलती ट्रेन में बच्चे को जन्म दिया है। महिला की डिलीवरी ट्रेन में ही मौजूद एक महिला ने की। किस्मत से वो महिला चिकित्सक थी और ट्रेन के उसी डिब्बे में मौजूद थी, जहां गर्भवती और उसका पति मौजूद था। जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं। महिला चिकित्सक ने बताया कि ट्रेन में तमाम परेशानियों के बावजूद डिलीवरी अच्छे से हुई। इतना ही नहीं अस्पताल में आराम से लेकर घर निकलने तक वो महिला साथ में रही। घटना मंगलवार की है। विजयवाड़ा में सिकंदराबाद-विशाखापट्टनम रूट पर दुरंतो सुपरफास्ट एक्सप्रेस में दंपति सत्यनारायण और सत्यवती हैदराबाद से अपने मूल स्थान की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन में मौजूद अन्य महिला के स्वाति रेड्डी भी मौजूद थी। स्वाति रेड्डी ने हिन्दुस्तान टाइम्स को बताया,मैं गहरी नींद में थी जब एक व्यक्ति ने मुझे लगभग 4.30 बजे जगाया। उसने मुझे बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी को प्रसव पीड़ा हो रही है और उसने मुझसे अनुरोध किया कि क्या मैं कोई मदद कर सकती हूं।

# सुब्रमण्यन स्वामी को 6 सप्ताह में खाली करना होगा सरकारी घर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी को दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली स्थित सरकारी आवास खाली करने के लिए 6 सप्ताह का वक्त दिया है। स्वामी को यह आवास 2016 में सुरक्षा के खतरे के इनपुट के आधार पर दिया गया था। अब सरकार का कहना है कि वह उन लोगों को आवास देने के लिए उत्तरदायी नहीं है, जिनके सिक्योरिटी कवर को कुछ और वक्त के लिए बढ़ाया गया है। केंद्र सरकार के वकील का पक्ष सुनने के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा ने कहा कि स्वामी ने ऐसी कोई जानकारी नहीं दी है, जिससे यह पता चले कि उन्हें क्यों सरकारी आवास की जरूरत है। सुब्रमण्यन स्वामी को जेड सिक्योरिटी कवर दिया गया है।

सुब्रमण्यन स्वामी को 15 जनवरी, 2016 को सरकारी आवास आवंटित किया गया था। इसके लिए 5 साल की अवधि समाप्त हो गई थी और उसके बाद स्वामी ने इसके टाइम को बढ़ाने की मांग की थी। इस पर केंद्र सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि वह अब आवास मुहैया नहीं कराएगी। होम मिनिस्ट्री की ओर से पेश अडिशनल सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने अदालत को बताया कि सरकार आवास का टाइम नहीं बढ़ाना चाहती। स्वामी को जो सुरक्षा मुहैया कराई गई है। वह अब उनके निजामुद्दीन ईस्ट स्थित आवास पर दी जाएगी।

सुब्रमण्यन स्वामी का राज्यसभा कार्यकाल भी 24 अप्रैल, 2022 को समाप्त हो गया था। वह उच्च सदन के सदस्य थे, इसलिए वह सरकारी घर के आवंटन की सीमा समाप्त होने के बाद भी उसमें रह रहे थे, लेकिन अब सरकार टाइम बढ़ाने के मूड में नहीं है। जैन ने बताया कि सार्वजनिक परिसर अधिनियम के तहत आवास में स्वामी के निवास को अधिकृत करार दिया गया है। इसके बाद भी उनके खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लिया गया क्योंकि उनकी याचिका हाई कोर्ट में लंबित थी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों और दिल्ली हाई कोर्ट के जजों को आवास की जरूरत है। इस पर अदालत ने आदेश दिया कि सुब्रमण्यन स्वामी को अगले 6 सप्ताह के अंदर आवास को खाली करना होगा।

# हिंदी को लेकर फैलाई जा रही अफवाह, यह तो सभी भाषाओं की मित्र है: अमित शाह

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि हिंदी भाषा प्रतिस्पर्धी नहीं है, बल्कि देश की अन्य सभी भाषाओं की 'मित्र' है। अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बोलते हुए, गृह मंत्री ने कहा कुछ लोग यह अफवाह फैला रहे हैं कि हिंदी और गुजराती, हिंदी और तमिल, हिंदी और मराठी प्रतिस्पर्धी हैं। हिन्दी देश की किसी अन्य भाषा की प्रतियोगी नहीं हो सकती। आपको यह समझना चाहिए कि हिंदी देश की सभी भाषाओं की मित्र है। शाह की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दक्षिण भारत के राज्यों में तीखी बहस चल रही है कि केंद्र देश के गैर-हिंदी भाषी लोगों पर हिंदी थोपने की कोशिश कर रहा है। शाह ने कहा कि हिन्दी एक राजभाषा के रूप में पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अवसर पर लोगों को बधाई दी और कहा कि हिंदी की सादगी, सरलता, सहजता और संवेदनशीलता लोगों को आकर्षित करती है। पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा, हिंदी ने दुनिया भर में भारत के लिए विशेष सम्मान लाया है। इसकी सादगी, सहजता और संवेदनशीलता हमेशा आकर्षित करती है। हिंदी दिवस पर, मैं उन सभी लोगों को हार्दिक बधाई देता हूं जिन्होंने इसे समृद्ध और सशक्त बनाने में अथक योगदान दिया है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हिंदी सहित सभी स्थानीय भाषाओं के समानांतर विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाषाओं के सह-अस्तित्व को स्वीकार करने की आवश्यकता है। साथ ही इसके शब्दकोश का विस्तार करने के लिए अन्य भाषाओं के शब्दों को लेकर हिंदी को लचीला बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### युवती का अपहरण कर दुष्कर्म करने के जुर्म में 20 वर्ष का कारावास

जींद। हरियाणा में जींद के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ चंद्रहास की अदालत ने युवती का अपहरण कर बंधक बना दुष्कर्म करने के जुर्म में दोषी को 20 वर्ष का कारावास तथा 31 हजार रुपये जुर्माना सुनाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार उचाना थाना इलाके के गांव के एक व्यक्ति ने 13 अगस्त को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी पुत्री खाना खाकर सोई थी लेकिन रात को गायब हो गई। अल सुबह जब उन्होंने लड़की को तलाशा तो वह कर्मजीत के घर मिली, जिन्हें देखकर कर्मजीत फरार हो गया। किशोरी ने परिजनों को बताया कि रात को कर्मजीत ने घर में घुसकर उसका अपहरण कर लिया था और उसका मुंह बंद कर अपने घर ले गया।

# एनआईओएस से डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से राहत

एजेंसी

नैनीताल। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने बुधवार को जारी अपने महत्वपूर्ण निर्णय में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) से डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को राहत देते हुए उन्हें सहायक अध्यापक (प्राथमिक) के पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने सचिव शिक्षा के 10 फरवरी, 2021 के आदेश को भी निरस्त कर दिया।

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की युगलपीठ में हुई। सरकार के 10 फरवरी, 2021 के शासनादेश को नंदन सिंह बोहरा, निधि जोशी, गंगा देवी, सुरेश चंद्र गुरुरानी, संगीता देवी और गुरमीत सिंह की ओर से चुनौती दी गयी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वह दूरस्थ शिक्षा माध्यम से डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त हैं। यह डिग्री केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय व राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) से मान्यता प्राप्त है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी कहा गया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय, एनसीटीई और शिक्षा सचिव की ओर से उन्हें सहायक अध्यापक प्राथमिक भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने को कहा गया था, परन्तु प्रदेश सरकार ने 10 फरवरी, 2021 को एक शासनादेश जारी कर उन्हें सहायक अध्यापकों की 2648 पदों के लिए चल रही भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया।

# चंपावत में स्कूल के शौचालय की छत गिरने से एक छात्र की मौत, पांच घायल

**चंपावत/नैनीताल।** उत्तराखंड के चंपावत जनपद के पाटी तहसील में बुधवार को एक स्कूल के शौचालय की छत गिरने से एक छात्र की मौत हो गयी जबकि अन्य पांच घायल हो गये। घायल खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने पुष्कर सिंह धामी ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। साथ जारी बयान में कहा कि इस दुख की घड़ी में वे शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। उन्होंने घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिये और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की बात कही। उन्होंने मृतक छात्र के परिजनों को तत्काल दो लाख रूपये की राहत राशि प्रदान करने के निर्देश दिये।

यह घटना पाटी तहसील के मौनाकांडा प्राथमिक विद्यालय की है। बताया जा रहा है कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र खेल रहे थे। इसी दौरान शौचालय की दीवार गिरने से छत ढह गयी। जिससे तीसरी कक्षा का एक छात्र चंदन सिंह पुत्र गोधन सिंह इसकी चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

इस हादसे में हिमांशु, सोनी, सगुन, रिंकु और हसीना घायल हो गये। घायलों को तत्काल लोहाघाट अस्पताल ले जाया गया। सभी घायल खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह भंडारी और उपजिलाधिकारी रिंकू तत्काल मौके पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा अधिकारी को इस घटना की जांच के निर्देश दे दिये हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

इस घटना के बाद गांव में मामत पसरा हुआ है।

### पंजाब की जेलों में कैदियों को 15 सितंबर से मिलेगी जादू की झप्पी

अमृतसर। पंजाब जेल विभाग जेलों में बंद कैदियों और रिमांड कैदियों के लिए 15 सितंबर से 'जादू दी झप्पी' (फैमिली हग) कार्यक्रम शुरू कर रहा है। इस कार्यक्रम के तहत अच्छे आचरण और अन्य शर्तों को पूरा करने वाले कैदियों को जेल में अपने परिवार से मिलने का मौका दिया जाएगा। अमृतसर सेंट्रल जेल के अधीक्षक सुरिंदर सिंह ने बुधवार को कहा कि यह बैठक नियमित बैठक से अलग होगी, जिसमें कैदी का परिवार विशेष रूप से बनाए गए मीटिंग हॉल में आकर बैठ सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले बैठक में परिवार के केवल एक या दो सदस्य ही कैदी से मिल पाते थे और बैठक नेट या शीशे से कराई जाती थी।

# चार पर्वत श्रृंखलाओं पर आरोहण को पतंजलि, निम, आईएमएफ की टीम रवाना

एजेंसी

उत्तरकाशी/देहरादून। उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जनपद स्थित पवित्र गंगोत्री धाम में एक भव्य समारोह में रक्तवन ग्लेशियर एवं अन्य तीन पर्वत चोटियों पर आरोहण हेतु जा रहे पतंजलि आयुर्वेद, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) एवं भारतीय पर्वतारोहण संस्थान (आई.एम.एफ.) के संयुक्त अभियान दल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

इस अवसर पर श्री धामी ने गंगोत्री धाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की एवं मां गंगा का आशीर्वाद लिया। उन्होंने करीब एक किलोमीटर रक्तवन ग्लेशियर जा रहे दल के साथ ट्रैकिंग भी की। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में मां गंगा की निर्मलता, अविरलता और स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पतंजलि आयुर्वेद, निम एवं आई.एम.एफ. का यह संयुक्त ट्रैकिंग अभियान उत्तराखंड एवं भारतवर्ष के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस ट्रैक के माध्यम से आयुर्वेद, जड़ी बूटी एवं वनस्पतियां औषधियों के नए स्वरूप सामने आएंगे। यह अभियान आयुर्वेद, जड़ी बूटी में क्षेत्र में भी सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने संपूर्ण विश्व को योग एवं आयुर्वेद की उपयोगिता को बताया है।

श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि हम उत्तराखंड को विश्व की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक राजधानी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने केदार की भूमि से 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड को बताया। इस संकल्प को पूर्ण करने हेतु हम दिन-रात प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि इस बार चार धाम यात्रा में अभी तक 32 लाख (रजिस्टर्ड) श्रद्धालुओं ने यात्रा की है। मां गंगा एवं बाबा केदार के आशीर्वाद से यात्रा सुगम एवं सुरक्षित चल रही है। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान करीब चार करोड़ कावड़िये शिव भक्त उत्तराखंड आए। पहली बार हमारी सरकार ने कांवड़ यात्रा में बजट का प्रावधान किया।

# जेबीटी शिक्षकों के मामले में मजबूती से पक्ष रखने से नौकरी बची, लोगों का हुआ भला

**चंडीगढ़।** जेबीटी शिक्षकों से जुड़े उच्चतम न्यायालय के फैसले पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि राज्य सरकार ने इन जेबीटी शिक्षकों के मुद्दे पर शीर्ष अदालत में मजबूती से पक्ष रखा।

मनोहर लाल ने कहा,हमने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि यदि इन लोगों को भी कोर्ट नौकरी पर रखने की अनुमति देता है तो उन्हें नौकरी पर रखने के लिए सरकार तैयार है। कोर्ट ने इस पर अनुमति दी, इससे बहुत से लोगों का भला हुआ है, उनकी नौकरी बच गई है। मुख्यमंत्री बुधवार को आधार कार्ड से जुड़ी एक कार्यशाला के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया का ऐसा कोई देश नहीं है जिसमें आधार की तरह 134 करोड़ लोगों का डाटा बेस हो। यह हमारे देश की विशेषता है। आधार से व्यक्ति की विशिष्ट पहचान बनती है, जिससे उसे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिल सके। इसके बहुत फायदे हुए हैं।

आधार के कारण ही बहुत से ऐसे लोगों की पहचान की गई है, जो असल में उन योजनाओं के पात्र नहीं थे लेकिन उनका लाभ उठा रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा ने आधार से भी आगे बढ़कर परिवार की पहचान को जोड़ते हुए परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) को जोड़ा है। इससे अतिरिक्त लाभ हुआ है। परिवार की आय और उसकी आर्थिक स्थिति जानने के बाद हम यह तय कर सकते हैं कि उसे किस तरह सरकारी योजनाओं के लाभ देने हैं। उसके जीवन स्तर को कैसे ऊंचा उठाना है। इसकी सराहना देश भर में हो रही है। दूसरे राज्य भी इस व्यवस्था का अध्ययन कर रहे हैं।

उनके अनुसार आधार कार्ड के लिए केन्द्र सरकार ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का गठन किया हुआ है। इसी तरह हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के लिए सिटिजन रिसोर्स इनफॉर्मेशन विभाग (क्रीड) बनाया है।

### बेगूसराय गोलीकांड के मामले में सात पुलिसकर्मी निलंबित

बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय जिले में मंगलवार को राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 28 पर कई किलोमीटर तक गोलीबारी कर अपराधियों के फरार होने के मामले में लापरवाही बरतने वाले सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है । पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को पुलिस गश्ती में लापरवाही बरतने वाले गश्ती में शामिल सात पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल मोटरसाइकिल सवार अपराधी 4 थानों के सामने से गोली चलते हुए निकले थे लेकिन किसी भी थाने पर पुलिस गश्ती में कोई मौजूद नहीं था।

# हकृवि के कृषि मेले में एक लाख 31 हजार किसान हुए शामिल

हिसार। हरियाणा में हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय रबी कृषि मेला में करीब एक लाख किसान शामिल हुये । मेले के आज दूसरे दिन भी किसानों की भारी गहमा-गहमी रही। मेले में दोनों दिन हरियाणा के अलावा पंजाब, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश राज्यों से करीब एक लाख 31 हजार किसान शामिल हुए। किसानों ने करीब एक करोड़ 50 लाख रुपए के रबी फसलों और सब्जियों की उन्नत एवं अनुशंसा की गयी किस्मों के प्रमाणित बीज तथा फलदार पौधों की नर्सरी खरीदी। विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहली बार है कि इतनी भारी संख्या में किसानों ने कृषि मेला में भाग लिया है। मेले के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीत राम शर्मा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने किसानों को इस प्रकार के आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें खेती संबंधी नवीन ज्ञान प्राप्त होगा तथा कृषि संबंधी अपनी समस्याओं का कृषि वैज्ञानिकों से हल प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने किसानों से कृषि में सिंचाई जल के प्रबंधन और पराली और फसल अवशेषों को जलाने की अपेक्षा उनका यथास्थान मशीनीकृत प्रबंधन करने की अपील की।

## शार्ट न्यूज

### काव्य समारोह में देश के नामी कवि व गीतकार सुयश कुमार को काव्यमणि सम्मान से सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली।** 11 सितंबर को गांधी शान्ति प्रतिष्ठान,आई टी ओ दिल्ली में लम्हें ज़िन्दगी के परिवार द्वारा आयोजित 'प्रेरणा संगम' काव्य समारोह में देश के नामी कवि व गीतकार सुयश कुमार को काव्यमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। देश के नामी कवियों व लेखकों की उपस्थिति में सुयश ने अपना गीत 'हिंदुस्तान' सुनाया जिसे बहुत प्यार, आशीर्वाद व समर्थन की पुरज़ोर तालियां मिली। इसी समारोह में सुयश द्विवेदी के दूसरे काव्य संग्रह 'छू ले आसमां' का विमोचन भी किया गया।

### प्राधिकरण ने सील किया प्ले स्कूल : चार बार जारी किया था नोटिस, 10.39 करोड़ रुपए था बकाया

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए सेक्टर-93 गेझा विलेज के पास एक गाई प्ले स्कूल को सील किया है। जमीन का आवंटन प्रज्ञावतरण एजुकेशनल सोसाइटी के नाम से किया गया था। नोटिस सोसाइटी की सचिव अदिति जैन अनिल के नाम भेजा गया था। जुलाई 2004 में प्राधिकरण ने 1950 वर्गमीटर जमीन का आवंटन कर 31 जुलाई 2004 को जमीन पर कब्जा दे दिया। आवंटी को 2013 तक भूखंड का बकाया किस्त जमा करनी थी। वह जमा नहीं की गई। साथ ही भवन का निर्माण कर कार्यशील सर्टिफिकेट नहीं लिया गया। आवंटी पर जनवरी 2022 तक ब्याज लगाकर करीब 10.39 करोड़ रुपए बकाया हो गया। प्राधिकरण ने बताया कि बकाया जमा करने के लिए आवंटी को 2019 में दो बार , 2021 और 2022 को कुल चार बार नोटिस जारी किया गया। लेकिन आवंटी ने पैसा जमा नहीं किया गया। स्कूल प्रबंधक अदिति जैन अनिल ने बताया कि प्राधिकरण में हमने एप्लीकेशन दी थी कि हम इतने पैसा देने में सक्षम नहीं है। ऐसे में हमें किस्तों में छूट दी जाए और समय दिया जाए। प्राधिकरण ने स्कूल के सभी कमरों को सील कर दिया। इन कमरों में स्कूल का सामान बैंच, स्टॉफ का खाना, कैमरे और काफी सामान था। बाद में प्रबंधन के कहने पर कमरों की सील खोलकर सामाना निकाना और फिर से इन कमरों को सील किया गया।

### नोएडा प्राधिकरण ने आवारा डॉग्स के लिए बनाए नए नियम

**नोएडा।** यूपी में कुत्तों के काटने के लगातार मामले सामने आ रहे है। इसको लेकर नोएडा-ग्रेनो की सोसाइटी और सेक्टर की आरडब्ल्यूए ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। सोसाइटी में पालतू और बाहर के कुत्तों के लिए नियम बनाए गए हैं। नोएडा प्राधिकरण ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने बताया कि इस मामले में एक समिति का गठन करने जा रहे है। समिति एओए और आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर एक फोरम बनाएगी। नोएडा प्राधिकरण की ओर जारी आंकड़ों के तहत पेट रजिस्ट्रेशन एप के जरिए अब तक कुल 1700 रजिस्ट्रेशन हुए है। 2017 से अब तक 39 हजार कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। इसके लिए प्राधिकरण की ओर से दो संस्थाएं काम कर रही है। पहली ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी और दूसरी ऐनिमल इंडिया ट्रस्ट। दोनों ही संस्थाएं कुत्तों की नसबंदी का प्रोग्राम चला रही है।

### पुलिस ने पीछा कर बदमाश का किया एनकाउंटर : बदमाश के पैर में लगी गोली, जीजा के साथ करता था लूटपाट

नोएडा। नोएडा में थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस द्वारा सेक्टर-78 चौराहे के पास चेकिंग की जा रही थी। एक संदिग्ध मोटरसाइकिल उनकी तरफ आती दिखी। पुलिस ने उनको रुकने का इशारा किया। मोटरसाइकिल सवारों पुलिस को चकमा देकर भागने लगे। करीब 100 मीटर से ज्यादा पीछा करने के बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए फायर किया और घेराबंदी की। गोली बाइक सवार के पैर में लगी। वह मोटर साइकिल के साथ सेक्टर-117 के जंगल की तरफ गया। वहां घायल होकर वह बाइक के साथ जमीन पर गिर गया। बदमाश की पहचान सलीम पुत्र खलील निवासी मुरादनगर हुई। बदमाश के कब्जे से 01 लूटी हुई चेन , चोरी की मोटरसाइकिल व 01 अवैध तमंचा 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुए है। सलीम को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि बदमाश शातिर किस्म का लुटेरा है। वह अपने जीजा के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम देता था। अब तक एनसीआर में कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस इसका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है। जल्द ही जीजा को गिरफ्तार किया जाएगा।

### प्रेम-प्रसंग के चलते युवती ने आत्महत्या की

**ग्रेटर नोएडा।** कासना साइट फाइव स्थित एक फैक्ट्री में परिवार के साथ रहने वाली एक युवती ने पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। कासना कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि मूलरूप से जालौन का रहने वाला परिवार साइट स्थित एक फैक्ट्री में रहता है। यहां युवती ने मंगलवार को अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि प्रेम-प्रसंग का मामला सामने आ रहा है। जिसके चलते युवती ने आत्महत्या की है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### कार में लिफ्ट देकर एटीएम कार्ड और नकदी लूटी

**मोदीनगर।** बदमाशों ने एक युवक को पहले कार में लिफ्ट दी। इसके बाद उससे एटीएम कार्ड छीनकर खाते से एक लाख पांच हजार रुपये निकाल लिए। मामला तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव सैदपुर निवासी इसरान गाजियाबाद जटवाड़ा कॉलोनी में हेयर ड्रेसर की दुकान चलाता है। वह गाजियाबाद जाने के लिए दिल्ली-मेरठ मार्ग पर खड़े थे, तभी एक कार आकर रुकी। उसमें तीन युवक बैठे थे। कार सवारों ने इसरार को भी कार में बैठा लिया। इसरार ने बताया कि कार सवार खुद को पुलिस वाले बता रहे थे। आरोपियों ने बातों में उलझा कर इसरार से 15 सौ रुपये और एटीएम कार्ड ले लिया। इसके बाद पिन नंबर भी पूछ लिया। जब वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव मनोटा के पास यूटर्न पर पहुंचे तो उन्होंने इसरार को कार से उतार दिया और कहा कि हम साहब से बात कर थोड़ी देर में आते हैं। काफी देर इंतजार के बाद भी जब वह नहीं आए तो इसरार ने मोबाइल ऑन किया, लेकिन वह नहीं हुआ। जब उसने देखा तो मोबाइल से बैटरी और सिम भी गायब था। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। थानाप्रभारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### बाजार में खरीदारी करने गई गर्भवती महिला से लूट

**गाज़ियाबाद।** बाइक सवार बदमाशों ने इंदिरापुरम की बिहारी मार्केट में खरीदारी करने आई गर्भवती महिला से चेन और मंगलसूत्र लूट लिया। भागते हुए बदमाशों की बाइक का फुटरेस्ट लगने से महिला चोटिल हो गई। पीड़ित का मुकदमा पुलिस ने 11 दिन बाद दर्ज किया है। शिप्रा सनसिटी में रहने वाले रोहित पसरीचा की पत्नी दीपाली छह माह की गर्भवती हैं। पिछले दिनों दोनों स्कूटी पर गणेश पूजन के लिए सामान लेने बिहारी मार्केट गए थे। सड़क किनारे खड़े होकर वह दुकानदार से बात कर रहे थे कि पीछे से बाइक पर आए दो लुटेरों ने दीपाली के गले पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र, सोने की चेन और लॉकेट लूट लिया। पीड़ित के मुताबिक तीनों की कीमत करीब पौने दो लाख रुपये है। उन्होंने घटनास्थल से ही डायल-112 और नीतिखंड और शिप्रा सनसिटी पुलिस चौकी पर लूट की सूचना दी। तीनों जगह से पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण भी कराया।

# एक अक्टूबर से मांगने वालों को ही बिजली पर सब्सिडी मिलेगी, सब्सिडी के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

## कुछ लोगों की मांग थी कि हम बिजली का बिल दे सकते हैं, तो हमें सब्सिडी दी क्यों जा रही है? हमें सबिसडी लेने या छोड़ने का विकल्प दिया जाए

प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक अक्टूबर से उन्हीं उपभोक्ताओं को बिजली पर सब्सिडी मिलेगी, जो आवेदन कर इसकी मांग करेंगे। दिल्ली सरकार ने दिल्लीवालों की मांग पर यह फैसला लिया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने बताया कि कुछ लोगों की मांग थी कि हम बिजली का बिल दे सकते हैं, तो हमें सब्सिडी दी क्यों जा रही है? हमें सब्सिडी लेने या छोड़ने का विकल्प दिया जाए। बिजली पर सब्सिडी के लिए आज से आवेदन चालू हो रहा है। आवेदन करने के लिए सभी उपभोक्ताओं के पास बिल के साथ एक फार्म भेजा जाएगा। इसके अलावा, 7011311111 नंबर पर मिस्ड कॉल कर या वाट्सएप पर ।द्व भेजकर भी फार्म प्राप्त कर सकते हैं और उसे भर कर सब्सिडी की मांग कर सकते हैं। एसएमएस या ई-मेल के जरिए सबको सूचना दी जाएगी कि आप पंजीकृत हो गए हैं और आपकी सब्सिडी जारी रहेगी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 31 अक्टूबर तक आवेदन करने वालों को एक अक्टूबर से सब्सिडी जारी रहेगी। वहीं, जो लोग जिस महीने में आवेदन करेंगे, उनको उसी महीने से सब्सिडी मिलेगी। साथ ही, सबको हर साल एक बार फार्म भरकर सब्सिडी मांगनी पड़ेगी, ताकि जिनको सब्सिडी नहीं चाहिए, उनको सब्सिडी छोड़ने का एक मौका मिल सके। मैं उम्मीद करता हूं कि जो लोग बिजली का बिल दे सकते हैं, वो बिल देंगे और जिनको जरूरत नहीं है, वो अपनी सब्सिडी छोड़ देंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज कैंप ऑफिस में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के लोगों ने एक ईमानदार सरकार बनाई। पहले दिल्ली में बिजली बहुत जाया करती थी। हम लोगों ने मेहनत कर दो-तीन साल के अंदर सारा इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक किया और दिल्ली में 24 घंटे बिजली आने लगी। अब कहीं पर लोकल फाल्ट की वजह से थोड़ी देर के लिए बिजली चली जाए, तो यह अलग बात है, लेकिन अमूमन पूरी दिल्ली 24 घंटे बिजली हर जगह आती है। दिल्ली में बिजली फ्री हो गई। हमने भ्रष्टाचार को खत्म कर किया और जो पैसे की लीकेज थी, उसको रोक कर खूब सरकारी पैसा बचाया और उस पैसे से हमने दिल्ली के लोगों को सुविधाएं दी। दिल्ली के लोगों को अब 24 घंटे बिजली मिलती है और फ्री बिजली मिलती है। यह केवल और केवल एक ईमानदार सरकार की वजह से हुआ।

### बिजली सब्सिडी के लिए इस तरह करें आवेदन

**पहला तरीका**
- दिल्ली सरकार बिजली के बिल के साथ आपके पास एक फार्म भेजेगी।
- आप उस फार्म को भर कर जहां बिजली का बिल जमा करते हैं, वहीं जमा कर दें।

**दूसरा तरीका**
- दिल्ली सरकार ने 7011311111 नंबर जारी किया है।
- आप इस नंबर मिस्ड कॉल या फिर ।द्व लिखकर भेजें।
- इसके तुरंत बाद एक एसएमएस आएगा, जिसमें एक लिंक होगा।
- उस लिंक पर क्लिक करने पर आपके वाट्सएप पर एक फार्म खुल जाएगा
- आप उस फार्म को भरकर भेज दें और आप सब्सिडी लेने की लिस्ट में शामिल हो जाएंगे।
- जिनके मोबाइल नंबर बिजली के बिल के साथ पंजीकृत है, उनको दिल्ली सरकार भी मैसेज भेजेगी।
- आवेदन के तीन दिन बाद एसएमएस या ई-मेल से सूचना दी जाएगी कि आपकी सब्सिडी जारी है।

# देशभक्ति पाठ्यक्रम की वजह से हमारे स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों में देश के प्रति गर्व करने और कट्टर देशभक्ति की भावना तेजी से बढ़ रही है : सिसोदिया

आनंद राय/गौरवशाली भारत



नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार द्वारा स्कूलों में बच्चों को कट्टर देशभक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए देशभक्ति पाठ्यक्रम के 1 साल पूरे होने जा रहे है। पिछले 1 साल में इस पाठ्यक्रम की मदद से बच्चों के व्यवहार में बदलाव आना शुरू हो गया है। इन बदलावों को देखने और देशभक्ति पाठ्यक्रम के अंतर्गत चल रही विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण करने के लिए बुधवार को उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने जानकी देवी सर्वोदय कन्या विद्यालय, मयूर विहार फेज-1 का दौरा किया। विजिट के दौरान उपमुख्यमंत्री ने देशभक्ति की कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा विभिन्न एक्टिविटीज में शामिल होकर बच्चों तथा टीचर्स के साथ चर्चा की।

इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि, यह बहुत ख़ुशी की बात है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हमने जिस परिकल्पना के साथ देशभक्ति पाठ्यक्रम की शुरुआत की थी, वो इन क्लासों में पूरा होना शुरू हो गया है। बच्चे ये समझ रहे है कि देश के लिए बलिदान देना, देश के प्रतीकों का सम्मान करना तो देशभक्ति है लेकिन अपने स्कूल-क्लास को साफ़ रखना, अपने बगल में बैठे बच्चों में भी देश देखना देशभक्ति है, हर सोच में,अपने टीचर्स मे,हमारे आस-पास के वातावरण में देश बसता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में यह सोच विकसित होना और अपने घर में, पड़ोसियों में, हर संसाधन में, अपने हर व्यवहार में देश को देखना यह प्रदर्शित करता है कि यह पाठ्यक्रम सफल रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी का विज़न है कि देश का हर एक बच्चा कट्टर देशभक्त बने और मुझे यह देखकर ख़ुशी है कि देशभक्ति पाठ्यक्रम की वजह से हमारे स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों में देश के प्रति गर्व करने और कट्टर देशभक्ति की भावना बहुत तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति पाठ्यक्रम से बच्चों में यह सपना जागने लगा है कि देश के सभी 130 करोड़ लोग पूरी देशभक्ति के साथ लग जाए तो भारत 5 साल के अंदर विश्व का नंबर.1 देश बन सकता है।

# फाइव स्टार होटल में बम की खबर से मच गया हड़कंप

गुरुग्राम। दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर स्थित लीला एंबियंस होटल में मंगलवार सुबह फोन कर बम होने की सूचना देने से हड़कंप मच गया। होटल से सभी को बाहर निकालकर पुलिस की टीम ने एक घंटे तक होटल में जांच की। इस दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बम होने की सूचना झूठी निकली। पुलिस ने होटल प्रबंधक की शिकायत पर डीएलएफ फेज-तीन थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ऑटिज्म बीमारी से पीड़ित एक युवक ने चॉकलेट नहीं मिलने पर होटल के लैंडलाइन नंबर पर फोन कर बम होने की सूचना दी थी। होटल मैनेजर वरुण छिब्बर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि होटल के लैंडलाइन नंबर पर सुबह 11 बजकर छह मिनट पर बम होने की सूचना मिली। तत्काल उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, दमकल विभाग और बम निरोधक दस्ता के कर्मचारी होटल पहुंच गए। पुलिस ने सबसे पहले होटल में मौजूद स्टॉफ, गेस्ट और सभी सुरक्षाकर्मियों को बाहर निकाला। लगभग एक घंटे तक होटल के हर कमरे, किचन सहित पार्किंग क्षेत्र की जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस ने दम निरोधक दस्ते और स्निफर डॉग की भी मदद ली। पुलिस को कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। पुलिस के मुताबिक युवक ने दिल्ली में एक होटल समेत दो स्थानों पर फोन किया था।

# कार की बोनट पर डांस और हाथ छोड़कर ड्राइविंग, नोएडा की सड़क पर स्टंटबाजी का वीडियो वायरल

ग्रेटर नोएडा। नोएडा में कार और मोटरसाइकिल सवार युवकों के स्टंट दिखाने का वीडियो सामने आया है। चलती गाड़ी में स्टंट दिखा रहे इन युवकों को ना तो किसी हादसे का डर है और ना ही नियम-कानून का ख्याल। वीडियो में नजर आ रहा है कि कार की बोनट पर एक लड़की बैठा हुआ है। इसके अलावा इसी कार की एक गेट खुली हुई है और एक लड़का वहां खड़ा है। दूसरी कार भी इस वीडियो में नजर आ रही है। इस कार में भी सवार एक लड़का स्टंट कर रहा है। वीडियो में कार के आगे मोटरसाइकिल पर जा रहे दो लड़के भी हैं। इनमें से अचानक एक लड़का मोटरसाइकिल की हैंडल छोड़ देता है और अपनी टीशर्ट उतारने लगता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बाइक, स्कॉर्पियो और सैंट्रो कार में युवक स्टंट कर रहे हैं। स्टंटबाजी का वायरल वीडियो ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। यह वीडियो ट्विटर पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नोएडा के इस वायरल वीडियो पर पुलिस की नजर पड़ चुकी है। पुलिस अब इन स्टंटबाजों के बारे में पता लगा कर उनपर कार्रवाई की तैयारियों में जुटी है। वीडियो में नजर आ रहा है कि पहले सफेद रंग की स्कॉर्पियो में सवार युवक चलती कार के बोनट पर बैठा है। जबकि एक युवक कार का दरवाजा खोलकर बाहर निकला आ रहा है।

# सीयूईटी में अपना विवरण बदलने के लिए विद्यार्थियों को मिला मौका

## अब डीयू में दाखिले की प्राथमिकता के लिए अपना विकल्प भर सकेंगे विद्यार्थी

विवेक राय/गौरवशाली भारत




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा सोमवार को सामान्य सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस - 2022) पोर्टल शुरू किया गया था। जिन विद्यार्थियों ने डीयू को अपनी प्राथमिकता के विकल्प में भरा था इसके तहत वही विद्यार्थी डीयू के पोर्टल पर दाखिले के लिए आवेदन कर सकते थे। इससे कुछ विद्यार्थियों को डीयू एडमिशन पोर्टल पर रजिस्टर्ड करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। अब उन विद्यार्थियों को एनटीए ने अपने विकल्पों में बदलाव करने का मौका दिया है।

डीयू कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कुछ उम्मीदवार जिन्होंने नैशनल टेस्ट एजेंसी (एनटीए) में कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी (यूजी) - 2022) फॉर्म भरा था और दिल्ली विश्वविद्यालय का विकल्प नहीं चुना था, उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय के सीएसएएस - 2022 लॉगिन के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि इस संबंध में नैशनल टेस्ट एजेंसी ने मंगलवार, 13 सितंबर को सार्वजनिक सूचना के माध्यम से कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (यूजी) - 2022 के ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्टूडेंट पर्टिकुलर के सुधार की अनुमति दी है। उन्होने बताया कि यह सुधार विंडो 15 सितंबर, 2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे तक उपलब्ध है।

कुलसचिव ने बताया कि उक्त सुधार विंडो में आवेदक अपने या माता-पिता के नाम में सुधार करने के साथ साथ अपनी जन्म तिथि, लिंग,कैटेगरी, पीडब्ल्यूबीडी व विश्वविद्यालयों की पसंद के विकल्प में भी सुधार कर सकते हैं। उन्होने कहा कि इससे स्पष्ट हो जाता है कि सुधार विंडो में आवेदक द्वारा स्नातक प्रवेश के लिए विश्वविद्यालयों की पसंद में बदलाव को भी शामिल किया गया है।

कुलसचिव ने डीयू में आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों को सुझावा दिया कि वह इस अवसर का लाभ उठाएँ। एनटीए द्वारा खोली गई सुधार विंडो के माध्यम से सीयूईटी (यूजी) 2022 के विश्वविद्यालय चयन में दिल्ली विश्वविद्यालय को जोड़ कर विद्यार्थी डीयू के सीएसएएस - 2022 में आवेदन के पात्र बन सकते हैं। ऐसे आवेदकों का विवरण एनटीए की सुधार विंडो बंद होने के 48 घंटों के भीतर दिल्ली विश्वविद्यालय के सीएसएएस - 2022 पर उपलब्ध होगा।

# परीक्षा में पकड़े गए 7 नकलची, इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस के जरिए कर रहे थे नकल

## हरियाणा और शामली से जुड़ी थी कॉल

नोएडा। नोएडा में सेक्टर-62 स्थित आईओन डिजिटल जोन में आरआरबी ग्रुप डी की परीक्षा में सात नकलचियों और एक मददगार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस से परीक्षा में नकल कर रहे थे।



इनके पास से 6 इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस जिसमें सिम कार्ड, वायरलेस ब्लू टूथ, ईयरबड्स के साथ 3 ब्लू टूथ डिवाइस एक मोबाइल फोन व आधार कार्ड बरामद किया गया है। इसमे उनकी मदद आईओन में काम करने वाला एक कर्मचारी कर रहा था। उसे भी गिरफ्तार किया है।

परीक्षा हॉल में चेकिंग के दौरान आरोपियों से ब्लू टूथ डिवाइस मिली जोकि हरियाणा और शामली से जुड़ी हुई थी।

आरोपियों की पहचान प्रवेश बंसल, रवि कुमार, पवन कुमार, दीपक कुमार ,मोनू , रजत , प्रमिन्दर, प्रवीन कुमार हुई है। ये सभी आरोपी सोनीपत , बागपत और शामली के रहने वाले है।

आरोपियों ने बताया कि हॉल में घुसने से पहले ही आईओन में काम करने वाले प्रवेश बंसल ने ब्लू टूथ और अन्य सामान के बारे में जानकारी दे दी थी। फिलहाल पुलिस इनके सरगना तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। यह भी पता लगा रही है कि इन लोगों को नकल करने की ट्रेनिंग कहा से मिली।

### सेक्टर-112 से चीनी नागरिक पकड़ा

**नोएडा।** पुलिस और एलआईयू ने बुधवार को सेक्टर-112 से चीनी नागरिक को पकड़ा। वह वीजा अवधि समाप्त होने के बाद नोएडा में रह रहा था। एलआईयू ने चीनी नागरिक को दिल्ली स्थित डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि एलआईयू को सूचना मिली थी कि सेक्टर-112 में चीनी नागरिक अवैध रूप से रहा रहा है। इसके बाद एलआईयू और थाना पुलिस ने सेक्टर-112 स्थित एक फ्लैट में छापेमारी की। यहां से पुलिस ने चीनी नागरिक को पकड़ा। उसकी पहचान जेड लिआंग के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि जेड वर्ष 2019 में बिजनेस वीजा पर भारत आया था। उसके वीजा की अवधि वर्ष 2020 में दिसंबर में समाप्त हो गई। उसने वीजा अवधि नहीं बढ़वाई।

# हाउसिंग सोसाइटी के ग्राउंड फ्लोर के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की गौर सिटी-2 के गैलेक्सी नार्थ एवेन्यू-2 में ग्राउंड फ्लोर में फ्लैट के सामने किए गए अतिक्रमण को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को गिरा दिया। प्राधिकरण की टीम ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। इस अतिक्रमण को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास कई बार शिकायत पहुंची थी। इसके बाद प्राधिकरण ने कार्रवाई की है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी-2 में गैलेक्सी नार्थ एवेन्यू-2 सोसाइटी है। इस सोसाइटी में एक व्यक्ति ने ग्राउंड फ्लोर पर अतिक्रमण की शिकायत की। उन्होंने कहा कि इससे उसकी उनकी सुरक्षा को खतरा है। शिकायतकर्ता ने मंगलवार को प्राधिकरण में जन सुनवाई में भी इस मामले की शिकायत की। उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम दल बल के साथ मौके पर पहुंची। प्राधिकरण दस्ते ने बुलडोजर से अतिक्रमण को हटा दिया। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा। कार्रवाई के बाद प्राधिकरण की टीम लौट गई। प्राधिकरण के महाप्रबंधक सलिल यादव ने बताया कि इस को लेकर नोटिस भी दिया गया था। गैलेक्सी नॉर्थ एवेन्यू 2 के अध्यक्ष राजन रॉय ने बताया कि बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अतिक्रमण हटाया है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर एओए को किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई। कार्रवाई के दौरान पीएनजी की गैस पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। दहेज उत्पीड़न से तंग आकर विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी दो महीने से फरार चल रहा था। मृतका के परिजनों ने इस मामले में आरोपी पति और उसके परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस फरार अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि 21 जुलाई को तिलपता स्थित गोविंद एनक्लेव कॉलोनी में रहने वाली विवाहिता सविता ने दहेज उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। सविता मूलरूप से पलवल हरियाणा की रहने वाली थी। इस मामले में सविता के पिता रामजीलाल ने मृतका के पति लालाराम, जेठ नवल किशोर और जेठानी सुनीता के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था। मृतका के परिजनों ने विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज पर उनकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के आरोपी पति लालाराम को गिरफ्तार किया है।

# जेवर में जेई और बिजली कर्मचारियों की गिरफ्तारी की मांग

## पीड़ित परिवार का ग्रामीणों संग कोतवाली के सामने हंगामा, अधिकारियों ने दिया 2 दिन का समय

जेवर, गौतमबुद्धनगर। पीड़ित परिवार ने आरोपी बिजली कर्मचारियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दनकौर कोतवाली के सामने मंगलवार रात 2 घंटे तक हंगामा किया।




जेवर में सोमवार रात जेई और कर्मचारियों पर बिजली चेकिंग के दौरान घर में घुसकर महिला से अभद्रता करने का आरोप लगा था। विरोध करने पर महिला के पति से मारपीट की बात कही गई थी। जिसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ 5 घंटे तक कोतवाली के सामने हंगामा किया था। केस दर्ज होने के बाद वे शांत हुए थे। मंगलवार रात उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। मामले में पुलिस ने जेई समेत 10 कर्मचारियों पर केस दर्ज किया था। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने भी महिला के पति समेत मोहल्ले के लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया था। जेई की शिकायत पर पुलिस ने 10 नामजद समेत 40 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। वहीं पीड़ित परिवार ने आरोपी बिजली कर्मचारियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दनकौर कोतवाली के सामने मंगलवार रात 2 घंटे तक हंगामा किया। इस दौरान उनके साथ किसान एकता संगठन के पदाधिकारी थी मौजूद रहे। एसीपी ब्रजनंदन राय ने पीड़ित परिवार को दो दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी होने का आश्वासन दिया। जिसके बाद गुस्साए लोग वहां से हटे।

दनकौर कस्बे के प्रेमपुरी मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि सोमवार रात जेई समेत 10 कर्मचारी उनके घर में रात के वक्त बिजली चेकिंग के बहाने घुस गए। जहां उन्होंने उनकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे लात-घूसों से पीटा।

जिसका वीडियो भी पीड़ित परिवार ने बना लिया। जिसके आधार पर पुलिस ने जेई और लाइनमैन समेत 10 के खिलाफ केस दर्ज किया।

# संपादकीय

## विज्ञान का शोर - अंधआस्था पर ज़ोर ?

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 में दिल्ली के रामलीला मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए देश को एक अति प्रचलित व अति लोकप्रिय नारा दिया था जय जवान –जय किसान । इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद जय जवान, जय किसान के नारे के साथ ही जय विज्ञान का नारा भी जोड़ दिया था। और अब पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले तो जनवरी 2019 में जालंधर में भारतीय विज्ञान कांग्रेस में जय अनुसंधान का नारा दिया फिर लाल क़िले पर तिरंगा झंडा फहराने के बाद देश को संबोधित करते हुए जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के साथ ही इस नारे में %जय अनुसंधान शब्द भी जोड़ दिये। इसमें कोई संदेह नहीं कि दुनिया की तरक़्क़ी का आधार केवल विज्ञान ही है। यह मानव को न केवल विकास पथ पर ले जाता है बल्कि अन्धविश्वास व रूढ़ीवादिता से भी दूर करता है। यह विज्ञान ही था जिसने कोविड जैसी वैश्विक महामारी में यथाशीघ्र संभव वैक्सीन तैय्यार कर पूरी मानव जाति का सफ़ाया होने से बचा लिया। इसलिये विज्ञान और तमाम क्षेत्रों में इसपर निरंतर होने वाले अनुसंधानों से भला कौन इनकार कर सकता है। इसलिये जय जवान, जय किसान के नारे के साथ ही जय विज्ञान% और अब प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस नारे में जय अनुसंधान शब्द का जोड़ा जाना निश्चित रूप से स्वागत योग्य है।

परन्तु सवाल यह है कि वर्तमान सरकार, विज्ञान व इससे जुड़े अनुसंधान पर जितना ज़ोर दे रही है क्या वास्तव में हमारे देश के लोगों में इस तरह की मुहिम के बाद विज्ञान बोध पैदा हो भी रहा है ? क्या देश के लोगों में वैज्ञानिक चेतना पैदा हो रही है ? आम लोगों की तो बात ही क्या करनी स्वयं सरकार में मंत्री बने बैठे लोग क्या जय विज्ञान – जय अनुसंधान को स्वयं में आत्मसात कर रहे हैं ? या ज़िम्मेदार मंत्रियों व अनेकानेक निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का एक बहुत बड़ा वर्ग अब भी विज्ञान और वैज्ञानिक अनुसंधान के बजाये अंधआस्था, पारंपरिक अन्धविश्वास और रूढ़िवादिता से जकड़ा हुआ है ? उदाहरणार्थ कोविड के ही दौर में जहां देश के वैज्ञानिकों ने कोविड शील्ड व को –वैक्सीन का अनुसंधान कर देश के करोड़ों लोगों को काल की गोद में समाने से बचा लिया वहीं इसी बीच एक ऐसा वर्ग भी सक्रिय था जो गाय के गोबर और गौमूत्र से ही कोविड का इलाज करने का दावा कर रहा था। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के तमाम लोग कभी ताली बजा रहे थे कभी थाली पीट रहे थे, कभी टॉर्च, मोबाईल की लाइट और न जाने क्या क्या जलाकर कोरोना भगा रहे थे। यह आख़िर कौन सा विज्ञान है और इसके अनुसंधान के क्या आधार हैं ?कोविड काल में ही इंतेहा तो तब हो गयी जब प्रधानमंत्री के आपदा में अवसर के मंत्र को आत्मसात करते हुए सत्ता के निकट सहयोगी बाबा रुपी व्यवसायी रामदेव ने चट-पट कोरोनिल नामक दवा भी बाज़ार में उतार दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन व आई एम ए इसके अनुसंधान के विषय में पूछते रहे परन्तु इन सवाल जवाबों के बीच जो व्यवसायिक लाभ होना था वह हो चुका था। आज भी रामदेव न तो वैक्सीन को मानते हैं न ही इसके विश्वव्यापी सकारात्मक परिणाम को स्वीकार करते हैं। उल्टे एलोपैथ पद्धति एवं वैज्ञानिकों के दिन रात किये गये प्रयासों से तैय्यार वैक्सीन की आलोचना ज़रूर करते रहते हैं ? क्या सत्ता समर्थक ऐसे लोगों के ऐसे नकारात्मक प्रयासों से वैज्ञानिकों व उनके द्वारा किये जाने वाले अनुसंधानों को प्रोत्साहन मिलेगा ? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुये कहा कि "हमें इस 'अमृत काल' में भारत को अनुसंधान और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए विभिन्न मोर्चों पर एकसाथ काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हमारा प्रयास है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष से लेकर समुद्र की गहराई तक सभी क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए हर संभव सहायता मिले। हमारे भविष्य की समस्याओं का समाधान अंतरिक्ष और समुद्र की गहराई में है। परन्तु 2019 में जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसी वैज्ञानिक व अनुसंधानपरख उपलब्धियों पर आधारित अति आधुनिक लड़ाकू विमान लेने फ़्रांस गये उस समय उन्होंने सबसे पहले फ़्रांस के मेरिनैक में विमान का पूजन किया। उन्होंने अपने हाथों से विमान पर ? लिखा।

## भारतीय लोकतंत्र की चुनौतियां एवं वर्तमान परिदृश्य में सुधार

गुजरात के साधु बेट में, सरदार सरोवर बांध के निकट 180 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली हवा में भी अडिगता और गौरव को स्मृति कराती प्रतिमा जो 6.5 तीव्रता के भूकंप को भी सह सकती है। इसे स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के नाम से जाना जाता है। यह प्रतिमा महान शख्सियत सरदार वल्लभ भाई पटेल की है, जिन्होनें सत्याग्रह के जरिए खेड़ा और बारडोली में विजय हासिल की। ये आधुनिक भारत के बिस्मार्क हैं। स्वतंत्र भारत को नया रूप देने वाले शिल्पकार थे। जिन्होंने 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर महान भारतीय गणतंत्र तैयार किया। इसी गणतंत्र और लोकतांत्रिक देश में हम और आप जो स्वतंत्रता का पान कर रहे हैं, जिसके पीछे अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से स्वतंत्रता हमने प्राप्त की है। वही हम आज विश्व के बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्रों में से एक हैं।

प्राचीन यूनानियों ने सबसे पहले लोकतंत्र का निर्माण किया था। शब्द लोकतंत्र दो ग्रीक शब्दों से आया है जिसका अर्थ है लोग यानी डेमो और शासन यानी क्रेटोस है। दोनो शब्दों के संधि से डेमोक्रेसी शब्द की उत्पत्ति हुई है। आधिकारिक तौर पर शासन व्यवस्था में सरकार के एक रूप के रूप में लोकतंत्र और संविधान की अवधारणा प्राचीन एथेंस में लगभग 508 ईसा पूर्व में उत्पन्न हुई थी। प्रश्न उठता है लोकतंत्र क्या है ? जवाब है, जनता द्वारा सरकार के चयन में बहुमत का शासन किया जाना है। जिसमें सर्वोच्च शक्ति लोगों के पास होती है और आमतौर पर प्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों द्वारा शासित एक राजनीतिक इकाई उपयोग की जाती है।

हालांकि, लोकतंत्र का मुख्य विचार व्यापक रूप से 5 वीं शताब्दी ईसा पूर्व में एथेंस से उत्पन्न हुआ माना जाता है। वर्ष 1995 की वेबस्टर न्यू इनसाइक्लोपीडिया डिक्शनरी लोकतंत्र को एक ऐसी सरकार के रूप में परिभाषित करता है। जिसमें सर्वोच्च शक्ति लोगों में निवेश की जाती है और उनके द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिनिधित्व के माध्यम से प्रयोग की जाती है। लोकतंत्र जाति, धर्म और लिंग के आधार पर नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है। लोकतंत्र निर्णय लेने की गुणवत्ता को बढ़ाता है और नागरिकों की गरिमा में भी सुधार करता है। लोकतंत्र मतभेदों और असहमति से निपटने के लिए एक प्रणाली प्रदान करता है और हमें अपनी गलतियों को सुधारने की भी अनुमति देता है। हम उदार लोकतंत्र की लड़ाई में शामिल होने के लिए नए सदस्यों का स्वागत करते हैं। देश में लोकतंत्र की भावना बढ़ रही है। हम लोकतंत्र का उपयोग प्रतिनिधियों के चयन के तरीके के रूप में करते हैं। एक प्रत्यक्ष लोकतंत्र में, सभी कानून और सार्वजनिक नीति के फैसले लोगों के बहुमत के वोट से सीधे किए जाते हैं, न कि उनके चुने हुए प्रतिनिधियों के वोटों से। कार्यात्मक रूप से केवल छोटे राज्यों में ही संभव है, स्विट्जरलैंड आज राष्ट्रीय स्तर पर लागू प्रत्यक्ष लोकतंत्र का एकमात्र उदाहरण है।

लेगाटम समृद्धि सूचकांक, 2021 में भारतवर्ष को 101वां स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं वर्ष 2020 से सूचकांक में 103वें स्थान पर था। भारत ने सामाजिक पूंजी तथा सुशासन जैसे स्तंभों में उल्लेखनीय सुधार किया है। जबकि प्राकृतिक परिवेश एवं सुरक्षा तथा संरक्षा में बड़ी गिरावट दर्ज की है। भारतीय लोकतंत्र के परिदृश्य में कई चुनौतियां है जैसे, गरीबी, स्वास्थ्य देखभाल, कम साक्षरता दर, जनसंख्या से अधिक, बेरोजगारी भारत के अधिकांश हिस्सों में प्रचलित हैं। जो राष्ट्रीय प्रगति में बाधा डालती हैं। वहीं भारतीय समाज में जाति और लिंग भेदभाव वैमनस्यता जारी है। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, लालफीताशाही, लोक न्याय में देरी लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रही है। संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विभिन्न जातियों और धर्मों में अल्पसंख्यकों के शोषण ने लोकतंत्र की पूरी अवधारणा को कमजोर कर दिया है। चुनावों के दौरान धन और बाहुबल का प्रयोग लोकतंत्र की कमियों को दर्शाता है।

# हिंसक एवं असहिष्णु होते समाज की त्रासदी



- ललित गर्ग-



भारतीय समाज हिंसक एवं असभ्य होता जा रहा है। समाज में बढ़ती हिंसकवृत्ति आदमी को एक दिन कालसौकरिक कसाई बना देती है, कंस बना देती है, रावण बना देती है। एक ऐसा हिंसक समाज बन रहा है, जिसमें कुछ लोगों को दिन भर में जब तक किसी को मार नहीं देते, उन्हें बेचैनी-सी रहती है। इतिहास में ऐसे कुछ विकृत दिमाग के लोग हुए हैं, जिन्हें यातना देकर किसी को मारने में आनंद आता था। लेकिन आधुनिक सभ्य समाजों में ऐसी प्रवृत्ति का कायम रहना गहन चिन्ता का विषय है। यह समझना मुश्किल होता जा रहा है कि लोगों में असहिष्णुता, असहनशीलता और हिंसा की प्रवृत्ति इतनी कैसे बढ़ रही है कि जिन मामलों में उन्हें कानून की मदद लेनी चाहिए, उनका निपटारा भी वे खुद करने लगते हैं और इसका नतीजा अक्सर किसी की मौत के रूप में सामने आता है। दिल्ली में जिस तरह एक व्यक्ति को मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में कुछ लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला, वह इसका ताजा उदाहरण है।

पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा, हिंसा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा, असहिष्णुता एवं असहनशीलता हो सकता है। यह गुस्सा दूसरों की वजह से शुरू होता है और अंततः इसे आप हिंसक रूप में अभिव्यक्ति देते हैं। दिल्ली की ताजा घटना में बताया जा रहा है कि जिस युवक को पीट-पीट कर मार डाला गया, वह रात को एक कारखाने में घुसा और मोबाइल फोन चोरी कर लिया। उसे चोरी करते वहां उपस्थित एक व्यक्ति ने देख लिया और उसे पकड़ कर कुछ लोगों के साथ मिल कर पीटना शुरू कर दिया। पहले उसके बाल काटे और फिर इतना पीटा कि उसने वहीं दम तोड़ दिया। उसके शव को सड़क कर फेंक दिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपियों का पता लगाया। हालांकि हमारे समाज में यह आम प्रवृत्ति है कि किसी चोर के पकड़े जाने पर लोग खुद उसे पीट-पीट कर सजा देने का प्रयास करते हैं। मगर दिल्ली में हुई घटना लोगों में जड़ें जमा चुकी हिंसा, असहिष्णुता एवं असहनशीलता का परिचायक है। प्रश्न है कि आखिर समाज में यह प्रवृत्ति क्यों बढ़ रही है।

व्यक्ति का चरित्र देश का चरित्र है। जब चरित्र ही बुराइयों की सीढ़िया चढ़ने लग जाये तो भला कौन निष्ठा के साथ देश का चरित्र गढ़ सकता है और कैसे लोकतंत्र के आदर्शों की ऊंचाइयां सुरक्षित रह सकती है ? कैसे जीवन को अहिंसक एवं सहिष्णु बनाया जा सके ? जिस देश की जीवनशैली हिंसाप्रधान होती है, उनकी दृष्टि में हिंसा ही हर समस्या का समाधान है। अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जब लोग मामूली बात पर कहा-सुनी होने या छोटी-मोटी आपराधिक घटनाओं पर भी खुद इंसाफ करने की नीयत से हिंसा का सहारा लेते हैं। ऐसी भी अनेक घटनाएं देखी गई हैं, जब किसी की हत्या करके अफसोस के बजाय कई लोग गर्व का अनुभव करते हैं।

मानो किसी की जान ले लेना अब खेल होता गया है। इसका क्या अर्थ लगाया जाना चाहिए ? क्या लोगों में पुलिस और न्याय व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हुआ है ? क्या अब लोगों में इतना भी विवेक नहीं रहा कि चोरी, जेबकरती जैसी आपराधिक घटनाओं की शिकायत पुलिस को करनी चाहिए और दंड तय करने का काम न्यायपालिका पर छोड़ देना चाहिए।

ऐसा भी दिखाई देता है कि सरकारों की आलोचना के खिलाफ बढ़ती असहिष्णुता या असहनशीलता का रुझान अब आम आदमी तथा लोगों तक भी नीचे पहुंच रहा है। हम एक समाज के तौर पर उन लोगों के प्रति और अधिक असहिष्णु बन रहे हैं जो विरोधी विचार रखते हैं और यहां तक कि ऐसे लोग भी जो अलग मत का पालन करते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक हालिया वीडियो जिसमें एक युवा को लगातार एक बुजुर्ग व्यक्ति को थप्पड़ मारते दिखाया गया है, नवीनतम उदाहरण है कि हमारा समाज तेजी से बीमार हो रहा है, हिंसक हो रहा है, असहिष्णु हो रहा है।

बुजुर्ग व्यक्ति, जिसे यह स्वीकार करने के लिए कहा गया था कि उसका नाम मोहम्मद है, आखिरकार पिटाई की ताव न सहते हुए मर गया। जिस व्यक्ति को पीटते हुए दिखाया गया वह एक पार्षद (कौंसलर) का पति था। इस बात का खुलासा बाद में हुआ कि मृतक व्यक्ति एक हिंदू था और वास्तव में एक मानसिक रोगी था। वह उस बात को समझने में असमर्थ था जो उसकी पिटाई करने वाला जानने की मांग कर रहा था। और भी अधिक परेशान करने वाली बात यह थी कि कोई व्यक्ति उस राक्षस को बुजुर्ग तथा मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को पीटने से रोकने की बजाय वीडियो शूट कर रहा था।

इस तरह के जघन्य अपराधों के जैसे मामले बढ़-चढ़ कर सामने आ रहे हैं, उससे यही लग रहा है कि आपराधिक मानस वाले लोग एक बार फिर बेखौफ होने लगे हैं। किसी की जान ले लेने से भला कहां अपराध पर लगाम लगता है। किसी को सबक सिखाने का यह तरीका तो नहीं हो सकता कि उसे जान से ही मार डाला जाए। कैसे हमारे समाज से यह समझ और मानवीय तकाजा खत्म होता जा रहा है। हालांकि संबंधित मामले में पुलिस ने हत्या के आरोपियों की पहचान कर ली है और उन्हें इस तरह कानून को हाथ में लेने की सजा भी मिलने की उम्मीद है। मगर क्या इस तरह समाज की संवेदनशीलता लौटाई जा सकती है। क्या समाज को हिंसक होने की त्रासदी से बचाया जा सकता है ?

समाज में बनते हिंसक मानस की कुछ वजहें तो समझी जा सकती हैं। पिछले कुछ सालों से जिस तरह उन्मादी तत्त्व समाज को सुधारने के नाम पर हिंसा को हथियार के रूप में इस्तेमाल करते देखे जाने लगे हैं। सामुदायिक वैमनस्यता को बढ़ावा देते हैं।

इस तरह अपने ही बीच रहने वाले बहुत सारे लोगों को कई लोग शक की नजर से देखने लगे हैं। तमाम संचार माध्यमों पर अपराध और हिंसा को आम घटना की तरह परोसा जाने लगा है। अपराधियों को समाज के कई लोग सम्मानित करते हैं, उन सबसे हमारे सामाजिक मूल्यों को गहरा आघात लगा है। उन मूल्यों की स्थापना कैसे हो, यह बड़ी चिंता का विषय है। स्कूलों में नैतिक शिक्षा का पाठ तो पढ़ाया जाता है, मगर समाज के अगुआ अपने आचरण से जब तक उन मूल्यों को स्थापित नहीं करेंगे, हिंसक एवं असहिष्णुता की वृत्ति का उन्मूलन कठिन बना रहेगा। वैयक्तिक स्वार्थों, अहंकार एवं संकीर्णता की भागदौड़ में मन इतना संवेदनहीन बन गया कि आसपास की सिसकती जिन्दगी का दर्द छू नहीं पाता। यह समाज के विकृत होते जाने का बड़ा कारण है।

## हिंदी के मुकाबले अंग्रेजी बोलते समय इतनी पॉलिश क्यों दिखाई देती है ?

प्रियंका सौरभ

किसी भी भाषा की सुंदरता उसके उपयोगकर्ता के कौशल में निहित होती है। यह बोलते समय आवाज, उच्चारण और स्वर पर भी निर्भर करता है। मुझे लगता है कि इलाहाबादी हिंदी बहुत पॉलिश है और इसी तरह हिंदी फिल्मों में इस्तेमाल की जाने वाली टपोरी भाषा थोड़ी अजीब है। देहाती बिहारी लहजे में भी मजा आता है। मूल रूप से, भाषा के विभिन्न द्वंद्वात्मक रूप हैं। इसलिए कोई भाषा नीरस नहीं लगती। अगर लोग हिंदी या कोई भी भारतीय भाषा ठीक से बोलते हैं – तो वह पॉलिश दिखाई देगी। हमें बस किसी भी भाषा का अच्छा संस्करण सुनना है। बोलचाल के प्रयोग ने उच्चारण को इतना दूषित कर दिया है कि हम इस तरह की राय विकसित करने की प्रवृत्ति रखते हैं। विशेष रूप से सभी पुरानी भाषाएँ – संस्कृत, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगाली, आदि वास्तव में मधुर और संगीतमय हैं।

राष्ट्रीय हिंदी दिवस पूरे देश में हिंदी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। भाषा को बढ़ावा देने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी दिन देश के राष्ट्रपति हिंदी भाषा और साहित्य में योगदान के लिए लोगों को सम्मानित भी करते हैं। यह दिन 14 सितंबर को मनाया जाता है क्योंकि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। साथ ही 14 सितंबर को राजेंद्र सिम्हा की जयंती है, जिन्होंने हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा बनाने की दिशा में अथक प्रयास किया। भारत की संविधान सभा ने 1949 में हिंदी भाषा को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाया और मान्यता दी। हिंदी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। यह भारत गणराज्य की 22 अनुसूचित भाषाओं में से एक है। दुनिया में बोली जाने वाली कुल भाषाओं में हिंदी पांचवीं सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। संविधान का अनुच्छेद 343 भारत की राजभाषा से संबंधित है।

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 43.6त्न वक्ता हिंदी को अपनी मातृभाषा के रूप में पहचानते हैं। हिंदी नाम की उत्पत्ति फारसी में हुई है। हिंद शब्द का अर्थ फारसी में %सिंधु नदी की भूमि है। 11वीं शताब्दी की शुरुआत में तुर्की आक्रमणकारियों ने इस क्षेत्र की भाषा को हिंदी, सिंधु नदी की भूमि की भाषा% नाम दिया था। हिन्दी की आधुनिक लिपि देवनागरी 11वीं शताब्दी में अस्तित्व में आई। दुनिया में बोली जाने वाली कुल भाषाओं में हिंदी पांचवीं सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह दक्षिण अफ्रीका, गुयाना, संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, न्यूजीलैंड, युगांडा, सूरीनाम, त्रिनिदाद और मॉरीशस सहित विभिन्न देशों में बोली जाती है। दुनिया भर में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है।

शिक्षा मंत्रालय ने 1960 में केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना की। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने विदेशों में विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों में %हिंदी चेयर% की स्थापना की है। स्व-शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक स्व-शिक्षण एप्लिकेशन लीला-राजभाषा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से भारतीय भाषाएँ सीखें) बनाई गई है। राजभाषा गौरव पुरस्कार और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार हिंदी भाषा में योगदान के लिए दिए जाते हैं। केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना 1960 में शिक्षा मंत्रालय के तहत गैर-हिंदी भाषी भारतीय राज्यों के लोगों, विदेशों में बसे भारतीयों और हिंदी सीखने के इच्छुक विदेशी नागरिकों को पत्राचार के माध्यम से हिंदी का ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। ई-सरल हिंदी वाक्य कोष और ई-महाशब्दकोश मोबाइल ऐप, राजभाषा विभाग की दोनों पहलों का उद्देश्य हिंदी के विकास के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करना है। राजभाषा गौरव पुरस्कार और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार हिंदी में योगदान को मान्यता देते हैं। हिन्दी निश्चय ही एक समृद्ध और सुन्दर भाषा है। यह न केवल साहित्य के कारण बल्कि भाषा की सुंदरता से भी समृद्ध है।




## भारत में 60 फीसदी से अधिक कैंसर का पता देर से चल पाता है

### डेविटा के कैंसरः प्रिंसिपल्स एंड प्रैक्टिस ऑफ ओंकोलॉजी के पहले दक्षिण एशियाई रिव्यू का विमोचन



भारत में न केवल कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, बल्कि 60 प्रतिशत से अधिक कैंसर का पता बहुत देर से चलता है, जिससे मृत्यु दर बढ़ जाती है। राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी), दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट और गायनेकोलॉजिकल एंड जेनिटोयूरिनरी रेडिएशन ओंकोलॉजी चीफ डॉ. स्वरूपा मित्रा ने कहा कि खराब जीवनशैली, मोटापा, तंबाकू और शराब के सेवन में वृद्धि के अलावा शहरी क्षेत्रों में प्रदूषण में वृद्धि कैंसर के मामले बढ़ने के कुछ अहम कारण हैं।

डॉ. मित्रा ने कहा, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) का अनुमान है कि अगले पांच वर्षों में भारत में कैंसर के मामलों में 12 प्रतिशत की वृद्धि होगी। भारतीयों में स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और मुंह का कैंसर सर्वाधिक होने वाले कैंसर में शुमार हैं। भारत और दक्षिण एशियाई क्षेत्र में इन कैंसर की रोकथाम और जल्द जांच के बारे में जागरूकता पैदा करने की तत्काल आवश्यकता है।

वह डेविटा, हेलमैन और रोसेनबर्ग की पुस्तक 'कैंसरः प्रिंसिपल्स एंड प्रैक्टिस ऑफ ओंकोलॉजी' की पहली दक्षिण एशियाई रिव्यू के विमोचन के अवसर पर बोल रही थीं। इसे दुनिया में कैंसर की सबसे प्रशंसित आधिकारिक पुस्तक माना जाता है। डॉ. स्वरूपा मित्रा द्वारा संपादित, वोल्टर्स क्लूवर द्वारा प्रकाशित दक्षिण एशियाई रिव्यू को यहां की स्थानीय परिस्थितियों और दक्षिण एशिया में कैंसर की अहम चिकित्सा पद्धतियों के अनुरूप तैयार किया गया है।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. हर्षवर्धन, संसद सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, कैंसर मैनेजमेंट एक कठिन काम है। ओंकोलॉजिस्ट को कई स्तरों पर लोगों का इलाज करना होता है। इसमें मेडिकल के साथ-साथ सामाजिक, भावनात्मक और यहां तक कि मानवीय पहलू भी शामिल हैं, ताकि उनकी मुश्किल दूर हो सके। पुस्तक का पहला दक्षिण एशियाई संस्करण तैयार करने में बहुत प्रयास किया गया है। इसका श्रेयस्कर पक्ष यह है कि इसे उन दो वर्षों में तैयार किया गया, जब कोविड का प्रकोप था। डॉ. स्वरूपा मित्रा और उनकी टीम ने ओंकोलॉजिस्ट के रूप में नियमित कर्तव्यों के अलावा लगातार इस पर काम करना जारी रखा।

डॉ. हर्षवर्धन ने भारत में कैंसर केयर में जीवनशैली और पोषण के महत्व पर जोर दिया। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में देश भर से प्रमुख ओंकोलॉजिस्ट ने भाग लिया।

रिव्यू पुस्तक को विशेष रूप से दक्षिण एशियाई देशों में छात्रों और चिकित्सकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए मुख्य पाठ्य पुस्तक के पूरक के रूप में डिजाइन किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि पुस्तक एक प्रश्न-उत्तर प्रारूप में है, जिसमें मेडिकल, सर्जीकल और रेडिएशन ओंकोलॉजी के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया है। उत्तर की बेहतर समझ के लिए भारतीय केस परिदृश्य, डाटा और संदर्भ को शामिल किया गया है।

डॉ. जे. पी. अग्रवाल, प्रोफेसर और हेड, रेडिएशन ओंकोलॉजी विभाग, टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई ने पुस्तक की प्रस्तावना में कहा, डेविटा, हेलमैन और रोसेनबर्ग की पुस्तक 'कैंसरः प्रिंसिपल्स एंड प्रैक्टिस ऑफ ओंकोलॉजी' की दक्षिण एशियाई रिव्यू से ओंकोलॉजिस्ट की जानकारी बढ़ेगी और अंततः रोगियों को बेहतर इलाज मिलेगा। इसमें प्रैक्टिसिंग ओंकोलॉजिस्ट, पोस्ट ग्रेजुएट और शोधकर्ताओं सभी के लिए जटिल विषयों को समान रूप से सरल बनाया गया है।

आरजीसीआईआरसी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुधीर रावल ने कहा, कैंसर निरंतर विकसित होने वाला क्षेत्र है और हर दिन मिलने वाली जानकारियों का खजाना अनुभवी चिकित्सकों के लिए भी बहुत लाभदायक हो सकता है। मुझे पूरी उम्मीद है कि यह पुस्तक दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लोगों और प्रैक्टिसिंग ओंकोलॉजिस्ट के लिए उपयोगी होगी। पुस्तक में सेकेंड कैंसर, कैंसर सर्वाइवरशिप और पैलिएटिव केयर (इलाज के बाद देखभाल) को लेकर भी अध्याय शामिल हैं, जो दक्षिण एशियाई देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

**निधि झा ('इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर 2018 एम्पावर चाइल्ड एम्पावर नेशन' और बेटी फाउंडेशन की राष्ट्रीय प्रवक्ता)**

## माता-पिता में ही गुरु समाया है

माता-पिता में ही गुरु समाया है
हजारों पुण्य फल माता-पिता सेवा में समाया है
सारे तीरथ बार बार के तुल्य
माता पिता की सेवा एक बार है

माता-पिता हर घर की शान है
उनके बिना सब बेकार है
माता पिता है तो समाज में नाम है
हमारे लिए वह इंसान नहीं ईश्वर अल्लाह है

माता-पिता से ही मेरी पहचान है
दुनिया में बस यह दोनों ही महान है
नहीं चाहिए मुझे कुछ यह मेरे सब कुछ है
मैं उनसे वह मुझसे बहुत खुश हैं

जानवर से बदतर है जिसने किया
माता-पिता का अपमान है
किस्मत वाले हैं जिनके ऊपर
अभी माता-पिता दृष्टि मान है

माता पिता मेरे ईश्वर अल्लाह है
यही जमीन मेरी और आसमान हैं
वह खुदा मेरे और भगवान हैं
माता पिता के चरणों में सारा जहान है

## शार्ट न्यूज

### ऑटो ड्रॉइवर ने विदेशी पर्यटक के साथ की लूटपाट

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में विदेशी पर्यटक के साथ लूटपाट की घटनाएं आए दिन हो रही हैं। लूट गैंग की वजह से ताजनगरी को शर्मसार होना पड़ा। वहीं आगरा पर्यटक पुलिस है कि इस तरह की वारदातों पर लगाम लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है। हालिया मामला मंगलवार का है। देर रात बेल्जियम के पर्यटक सेवी के साथ लूट के साथ लूटपाट हुई। 25 वर्षीय सेवी एक ऑटो में बैठा। जिसके बाद ऑटो सवार बदमाश उसे सदर इलाके में इधर-उधर घूमाते रहे। इसके बाद सेवी से आठ हजार रुपये, कैमरा और लैपटॉप लूट लिया। जब विदेश पर्यटक ने इसका विरोध किया तो ऑटो ड्रॉइवर ने उसके साथ मारपीट की। भारतीय मुद्रा में लूटी गई रकम करीब 6 लाख 35 हजार रुपये की है। विदेशी पर्यटक ने पहले अपने साथ हुई वारदात की सूचना सदर थाने में दी थी। सदर पुलिस ने पर्यटन थाना पुलिस को ये जानकारी दी। पर्यटन पुलिस ने पीड़ित विदेशी पर्यटक से पूछताछ की। पर्यटक ने बताया कि वह मथुरा से टैक्सी द्वारा आगरा आया था। यहां से वह हाईवे से एक ऑटो होटल के लिए बुक किया। ऑटो में ड्रॉइवर के अलावा दो और युवक पहले से मौजूद थे जो उसे इधर-उधर घूमाते रहे। इसके बाद एक सुनसान स्थान पर ले जाकर पर्यटक के साथ मारापीट करने लगे।

### टीचर ने प्रिंसिपल पर लगाया शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में स्थानीय बाजार स्थित एक पब्लिक स्कूल की टीचर ने स्कूल प्रिंसिपल पर शादी का झांसा देकर तीन साल तक रेप करने का आरोप लगाया है। शिक्षिका ने प्रिंसिपल पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक कोहंडौर रेलवे स्टेशन के करीब स्थित एक गांव में पीड़िता पब्लिक स्कूल में टीचर है। थाने में तहरीर देकर उन्होंने बताया कि प्रिंसिपल ने तीन साल पहले अपने रूम में उनके साथ दुष्कर्म किया। वह शिकायत करने की धमकी देने लगी तो उसने शादी का वाया किया। इसके बाद तीन साल तक वो उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। टीचर के मुताबिक सात सितंबर को प्रिंसिपल के पिता स्कूल आए और उसे ऑफिस में बुलाया और फिर दरवाजा बंद कर उनके साथ मारपीट की। पीड़िता के मुताबिक इस दौरान आरोपी के पिता ने दुपट्टे से गला दबाकर उन्हें जान से मारने की भी कोशिश की। महिला का आरोप है कि उसे तीन साल से वेतन भी नहीं दिया गया और उससे 90 हजार रुपये स्कूल बनवाने के लिए भी ले लिए गए। टीचर के मुताबिक आरोपी टीचर बातचीत का ऑडियो वायरल करने की धमकी दे रहा हैं। टीचर ने कहा है कि अगर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो वो आत्महत्या कर लेगी। इस मामले को लेकर एसओ इंद्रदेव का कहना है कि टीचर की तरफ से उन्हें शिकायत मिली है और जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### शिवपाल को रास नहीं आयी अखिलेश की कुर्सी वाली चिट्ठी

इटावा। उत्तर प्रदेश विधानसभा में वरिष्ठता के आधार पर आगे की कुर्सी दिये जाने के भतीजे और समाजवादी पार्टी (सपा) मुखिया अखिलेश यादव के सिफारिशी पत्र पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कोई तवज्जो नहीं दी है। अपने चौगुर्जी आवास पर पत्रकारो से बातचीत मे शिवपाल ने सपा प्रमुख अखिलेश की ओर से लिखी गई चिट्ठी पर अनभिज्ञता जताते हुये बुधवार को कहा मुझे कुछ नहीं पता है क्या चिट्ठी उनके बारे में लिखी गई है। विधानसभा में मेरी कुर्सी तो पहले से आवंटित है, मुझे तो उसी पर कुर्सी पर बैठना है। विधानसभा अध्यक्ष ने मेरी कुर्सी एलाट की है। अगर उनके लिए कुछ करना भी था तो पहले ही करना चाहिए था। अब करने से क्या फायदा दिख रहा है। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान से नई दिल्ली के यूपी भवन मे हुई मुलाकात को लेकर शिवपाल सिंह ने चुप्पी साधे रखी। सूत्रों के अनुसार अखिलेश यादव ने विधानसभा अध्यक्ष के नाम अपने चाचा और प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह को लेकर के विधानसभा अध्यक्ष को एक चिट्ठी लिखी थी जिसमें इस बात का जिक्र किया गया है कि शिवपाल वरिष्ठ नेता है, इसलिए उनकी कुर्सी विधानसभा में आगे की लाइन में लाई जाए। तकनीकी रूप से शिवपाल समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। इससे पहले मई में शिवपाल यादव ने पत्र लिखकर अपने लिए अलग सीट की मांग की थी लेकिन क्योंकि वह समाजवादी पार्टी के विधायक हैं, इसलिए अलग सीट नहीं दी गयी थी।

### कुशीनगर में पर्यटन पुलिस थाना सहित 18 नये थाने और 22 पुलिस चौकियां बनेंगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने विभिन्न जनपदों में 18 नये थाने एवं 22 नयी पुलिस चौकियां बनाये जाने को मंजूरी दी है इनके अलावा कुशीनगर में नया पर्यटन पुलिस थाना भी खुलेगा। सरकार की ओर से बुधवार को दी गयी जानकारी के मुताबिक पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के मकसद से यह फैसला किया गया है। जिससे प्रदेश में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने और जनसामान्य को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। नये पुलिस थाने एवं पुलिस चौकियां बनाने के लिये प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद द्वारा पुलिस महानिदेशक एवं अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय को आवश्यक निर्देश जारी कर दिये गये हैं। नये थानों एवं पुलिस चौकियों में आवश्यक पदों के सृजन आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये जायेंगे।

### देसी बम के साथ दो बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में पुलिस ने बुधवार को थानाक्षेत्र लालगंज में चेकिंग के दौरान नौ देसी बम एवं चोरी के सामान के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस के बयान में यह जानकारी देते हुए बताया गया कि लालगंज में ब्लाक गेट के पास से खालसा सादात निवासी राज सरोज पुत्र छोटे लाल सरोज और अमन सरोज पुत्र रजन सरोज को 09 देसी बम एवं चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। इस बरामदगी के सम्बन्ध में संबंधित थाना पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनो अभियुक्तो को जेल भेज दिया है।

### पुष्पेंद्र एनकाउंटर मामले में न्यायालय के आदेश को पिता हरिश्चंद्र ने सराहा

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी जिले के मोंठ थाना क्षेत्र में पुलिस एनकांउटर में मारे गये पुष्पेंद्र यादव मामले में आये इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर बुधवार को प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पिता हरिश्चंद्र यादव ने खुशी जाहिर की और उम्मीद जतायी कि अब उनके बेटे और परिवार को न्याय मिलेगा। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने भी ट्वीट कर अदालत के इस आदेश पर खुशी जताते हुए कहा कि हाईकोर्ट द्वारा इस एनकांउटर में आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिये जाने से अब इंसाफ की उम्मीद जगी है। स्वर्गीय पुष्पेंद्र यादव के परिवार के लिए कई वर्षों के बाद आशा की किरण खिली है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने झांसी के चर्चित पुष्पेन्द्र यादव मुठभेड़ मामले की सुनवायी करने के बाद मंगलवार को दिये आदेश में इस मुठभेड़ को संदिग्ध बताते हुए आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिये। परिवार की ओर से न्यायालय में दायर याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुनीत कुमार और न्यायमूर्ति सैयद वैज मियां ने यह आदेश दिया। न्यायालय के आदेश में पुष्पेंद्र के पिता ने खुशी जाहिर करते हुए अदालत को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके बेटे के साथ हुए अन्याय के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने की ओर अदालत के आदेश के बाद उठाया गया यह पहला कदम है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि अब उन्हें न्याय मिलेगा। उनका बेटा कोई गलत काम नहीं करता था वह ट्रक चलाया करता था और इसी के संबंध में किसी लेन देन को लेकर संभवत कोई विवाद हुआ था। जिसके संबंध में तत्कालीन मोंठ थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने उनके बेटे को बातचीत के लिए थाने बुलाया था। उन्हें अगले दिन लोगों से खबर मिली कि उनका बेटा पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया है। यादव ने कहा कि घटना के बाद उन्होंने एफआईआर लिखाने के लिए काफी प्रदर्शन किया लेकिन प्रशासन ने उनकी एक न सुनी और रिपोर्ट नहीं लिखने के कारण उन्होंने अपने बेटे का शव भी लेने से इंकार कर दिया था।

# मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

## अखिलेश ने दिया फीस बढ़ाने के विरोध में साथ







इटावा। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मचारियों ने माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कर्मचारियों ने अपनी मांगे पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकाल तक के लिए हड़ताल पर चले जाने की बातें कहीं। आउटसोर्सिंग कर्मचारी एसोसिएशन, लखनऊ के बैनर तले कर्मचारियों ने मिशन मुख्यालय द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। संघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लगातार ग्रामीण, गरीब एवं महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आधी आबादी को रोजगार दिलाने वाला ही बेरोजगारी के कगार पर है। पहले मिशन से संविदा पर कर्मचारी रखे जाते थे। अब आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जा रहा है। सभी कर्मचारी फील्ड में काम करते हैं। आए दिन इनके साथ दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन मिशन मुख्यालय द्वारा इनके लिए कोई स्वास्थ्य या जीवन बीमा योजना लागू नहीं किया गया है। प्रत्येक वर्ष 7 फीसदी वेतन वृद्धि अनुमन्य है। मिशन मुख्यालय द्वारा सिर्फ राज्य स्तर के कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ दिया गया है। जिला और ब्लॉक स्तर के कर्मचारी नहीं दिया गया है। इससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। सभी को पहले शिक्षा भत्ता, मोबाइल, लैपटॉप, इंटरनेट भत्ता, सेल्फ लर्निंग आदि दिए जाते थे, किंतु अब नहीं दिए जा रहे हैं। इससे कर्मचारी और परिवार के लोग मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। सभी कैडर के भुगतान एवं फंड मिशन मुख्यालय पर केंद्रित कर लिया गया है। वहां पर फाइलें महीनों तक लंबित रहती है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में कैडर का भुगतान समय से नहीं हो पाता है। परिणाम स्वरूप मिशन का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। आज समस्त ब्लॉक मिशन पर जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर ने मिलकर लिखित जिलाधिकारी महोदय इटावा को ज्ञापन सौंपा। मांगे तत्काल पूरी नहीं होने पर अनिश्चित काल के लिए कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

# सपा विधायकों को विधान सभा परिसर में पुलिस ने नहीं करने दिया धरना

**एजेंसी**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधान सभा में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायकों को पुलिस ने बुधवार से शुरु हो रहे चार दिवसीय धरना प्रदर्शन को विधान भवन के आसपास करने से रोकते हुए प्रदर्शनकारियों को दिया।

सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य की कानून व्यवस्था को लचर बताते हुए बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और विपक्षी दलों खासकर सपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमें दायर करने सहित अन्य मुद्दों के विरोध में पार्टी के विधायकों को आज से चार दिन तक विधान सभा परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन करने को कहा था। पूर्व निर्धारित कार्ययोजना के मुताबिक सपा विधानमंडल दल के मुख्य सचेतक मनोज कुमार पांडे के नेतृत्व में आज सपा विधायकों को धरना प्रदर्शन करना था। दिन में 11 बजे सपा विधायकों के एकत्र होने पर पुलिस ने उन्हें हजरतगंज चौराहे से आगे बढ़ने से रोक दिया।

वहां तैनात पुलिस अधिकारियों ने उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देकर दलील कि जनपद लखनऊ का चिन्हित धरना स्थल इको गार्डन है, इसलिये सपा विधायकों को विधान सभा परिसर में आंदोलन करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। इस मुद्दे पर लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जारी प्रतिक्रिया में कहा गया है कि विधान सभा पर धरना प्रदर्शन करने से आम जनता को भारी असुविधा होगी। विधान भवन उच्च सुरक्षा क्षेत्र (हाई सिक्योरिटी जोन) में आता है, इसलिये इस धरना प्रदर्शन से इस क्षेत्र की सुरक्षा भी प्रभावित होगी। अतः उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में लखनऊ जिले के चिन्हित धरना स्थल इकोगार्डन में धरना प्रदर्शन करने से लखनऊ पुलिस को कोई आपत्ति नहीं होगी।

# कुशीनगर : 15 सितंबर से 30 सितंबर तक बनेगें आयुष्मान कार्ड

**एजेंसी**

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में 15 से 30 सितंबर के बीच मनाये जा रहे आयुष्मान पखवाड़े के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने इस संबंध में बुधवार को यहां संवाददाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में आयुष्मान पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जनपद में 14 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य था, जिसमे लगभग 4 लाख 18 हज़ार कार्ड बन पाए हैं।

उन्होनें बताया कि समय-समय पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का अभियान शासन स्तर पर एवं जिले स्तर पर संचालित किया जाता है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार के अभियान का मुख्य फोकस अंत्योदय कार्ड होल्डर का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। आशा के मोबाइल पर फेस ऑथेंटिकेशन ऐप डाउनलोड किया जा रहा है, जिसके माध्यम से लाभार्थी का फोटो खींचकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इस क्रम में हर आयुष्मान कार्ड पर आशा को पांच रूपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है।

जनपद में कुल लगभग 1 लाख 17 हज़ार अंत्योदय कार्ड होल्डर है इसमें 38 हज़ार परिवारों का एक भी कार्ड नहीं बन पाया है। इस क्रम में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में लगभग 3 लाख 50 हज़ार अंत्योदय कार्ड लाभार्थी है।

जिलाधिकारी ने मीडिया से आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु आयुष्मान पखवाड़ा के संबंध में प्रचार प्रसार करने की भी अपील की जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग सरकार की इस योजना से लाभान्वित हो पाएं।

### कासगंज- गौकशी कर रहे तस्करों की पुलिस के साथ मुठभेड़ , दो घायल

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश में कासगंज में गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगल में गौकशी कर रहे बदमाशों की पुलिस के साथ हुई मुठभेड में दो घायल हो गये हैं जबकि एक भागने में कामयाब हो गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गंजडुण्डवारा थाना क्षेत्र के गडका गांव के जंगलों मे कुछ गौ तस्करों द्वारा गौकशी किये जाने की सूचना मिली थी जिसके बाद मंगलवार देर रात थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो गौ तस्करों को गौकशी करते पाया। पुलिस के इलाके में होने की जानकारी लगते ही बदमाशों ने भागने का प्रयास किया और भागते दो बदमाशों को रोकने के लिए हाशिम और इरफान के पैर पर पुलिस की ओर से गोली मारी गयी। इस बीच मची भगदड़ और अंधेरे का फायदा उठाते हुए तीसरा गौ तस्कर इमरान भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने बताया कि इमरान की धरपकड़ के लिए टीमें लगा दी गयीं हैं।

# सुलतानपुर : बेकाबू ट्रक चाय की दुकान पर पलटा, 03 लोगो की मौत, 07 घायल

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर बुधवार को एक बेकाबू ट्रक चाय की दुकान पर पलट गया जिसकी चपेट में आकर 03 लोगों की मौत हो गयी और 07 अन्य घायल हो गये।

पुलिस के अनुसार जिले के थाना कूरेभार अंतर्गत तेज रफ्तार दो ट्रकों की भिड़ंत होने पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित चाय की दुकान पर पलट गया। उसके नीचे एक ऑटो रिक्शा भी आ गया। इस दौरान दुकान पर मौजूद तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हुये हैं। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान के अनुसार योगी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन से घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश देते हुए जिले के जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर तत्काल पहुंचने को कहा।

घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा सुबह करीब 5:00 बजे उस समय हुआ, जब प्रयागराज से अयोध्या की तरफ जा रहे ट्रक ने बेलवाई मार्ग से हलियापुर की तरफ जा रहे ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह अनियंत्रित होकर चौक पर स्थित चाय की दुकान पर पलट गया। इससे दुकान पर चाय पी रहे ऑटो चालक चमुरखा निवासी राजन तिवारी, कूरेभार निवासी राजेश अग्रहरि और राकेश कसौंधन की ट्रक के नीचे दबकर मौत हो गई। इस हादसे में सात अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में ट्रक का चालक, परिचालक और चाय दुकानदार शामिल हैं। हादसे के बाद तत्काल स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मीकांत मिश्र ने बताया कि वाहन के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया।

पुलिस ने क्रेन व खोदाई मशीन मंगवाकर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकलवाया। एम्बुलेंस से सभी को जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही दो थानों की पुलिस फोर्स स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य में जुटी रही।

वहीं हादसे के बाद जाम लग गया है। इस कारण वाहनों की लंबी कतार लग से लोगों को खासी परेशानी हुयी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने यातायात सुचारु कराया।

# देवबंद : दारूल उलूम में छात्रों को पढ़ाई जाएगी हिंदी और अंग्रेजी भी

देवबंद। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले में स्थित इस्लामिक शिक्षण संस्था 'दारूल उलूम देवबंद' की प्रबंध समिति ने कई महत्वपूर्ण निर्णय करते हुए संस्थान में छात्रों को हिंदी और अंग्रेजी में भी पढ़ाने का फैसला किया है।

संस्था के प्रमुख मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दारुल उलूम की प्रबंध समिति की बैठक में किये गये अहम फैसलों में पूर्व सांसद मौलाना महमूद मदनी को संस्थान की नीति निर्धारक इकाई 'मजलिस-ए-सूरा' का सदस्य भी नियुक्त किया जाना शामिल है। नौमानी के अनुसार, बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि संस्थान में छात्रों को हिंदी और अंग्रेजी विषय भी अनिवार्य रूप से पढ़ना होगा। गौरतलब है कि देवबंद में पिछले लगभग 150 साल से भी ज्यादा समय से इस्लामिक शिक्षा को लेकर कुरान, हदीस और अरबी भाषा की शिक्षा दी जाती रही है।

उन्होंने बताया कि संस्थान के छात्रों को वैश्विक जरूरतों के मद्देनजर आधुनिक शिक्षा पद्धति से जोड़ने की पहल के तहत अब हिंदी और अंग्रेजी भी पढ़ाई जायेगी। इसके लिये संस्था हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों की जल्द नियुक्ति करेगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दारूल उलूम देवबंद की बैठक में संस्थान के सालाना बजट पर भी विचार किया जा रहा है। बजट में संस्था के कर्मचारियों के वेतन में पांच फीसदी की वृद्धि की जा रही है। बैठक में निवनियुक्त सूरा के सदस्य मौलाना अरशद मदनी, सांसद बदरूद्दीन और सांसद अजमल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

बैठक के बाद संस्था के प्रधानाचार्य और जमीयत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने पत्रकारों को बताया कि उलेमाओं को मदरसों के सर्वे पर कोई आपत्ति नहीं है। आशंका यह है कि सर्वे के नाम पर मदरसा संचालकों और उलमाओं का उत्पीड़न हो सकता है।

### महोबा : स्कूल बस पलटनी, 15 बच्चे घायल, योगी ने दिये समुचित उपचार के निर्देश

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में बुधवार को एक स्कूली बस के पलटने से 15 बच्चे चोटिल हुए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस घटना पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य कर घायल बच्चों के इलाज का समुचित प्रबंध कराने का निर्देश दिया है। पुलिस के अनुसार महोबा में शहर कोतवाली क्षेत्र के रतौली गांव के पास स्कूल बस पलटने से यह हादसा हुआ। बस में सवार 15 बच्चों के घायल हुये हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बस चालक द्वारा ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर बस पलट गयी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर महोबा के जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारयों ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य कराया। चोटिल हुए बच्चों को इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया है।

# मेडिकल कॉलेज में बायोमेट्रिक वेस्ट चालू करें : प्रमुख सचिव

जौनपुर। उत्तर प्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बुधवार को जौनपुर स्थित उमानाथ सिंह स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण एवं कार्यदाई संस्था के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

प्रमुख सचिव के द्वारा निर्माण कार्यदायी संस्थाओं व अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि छोटी-छोटी समस्याओं के कारण निर्माण कार्य में रुकावट नही आने दी जायेगी। प्रमुख सचिव के द्वारा एकेडिमिक ब्लॉक, प्रशासनिक भवन, अस्पताल भवन व छात्रावास का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि कम से कम 150 बेड का अस्पताल चलाये जाने के लिए तैयारी पूर्ण कर ली जाये। द्वितीय वर्ष के छात्राओं के लिए छात्रावास एवं टाइप फोर के आवास के सम्बन्ध में आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाये।

इस दौरान प्रमुख सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि मेडिकल कॉलेज में बायोमेट्रिक वेस्ट को चालू करे, फारसिलिंग और अपूर्ण लैब का कार्य जल्द से जल्द तैयार कर लिया जाए।

### संतकबीरनगर : सरयू नदी में डूबे दो किशोर लापता

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरयू नदी के बिड़हर घाट पर मंगलवार को स्नान करने गए दो किशोर पानी की तेज धारा में डूब गए। धनघटा पुलिस गोताखोरों की मदद से लापता किशोरों की तलाश में जुटी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू नदी में बच्चों के डूबने को लेकर जिला प्रशासन को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

# मथुरा: दुष्कर्म के आरोप में मौलवियों समेत पांच के खिलाफ मामला दर्ज

मथुरा। उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के सदर बाजार थाने की सादुल्ला मस्जिद का मौलवी शादी का झांसा देकर एक युवती से एक साल तक दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने इस काम में दो अन्य मौलवियों का उसे सहयोग मिलने के आरोप में तीन मौलवियों सहित पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष अजय किशोर ने बुधवार को बताया कि युवती की मेडिकल जांच कराने के बाद आज उसके कलमबद्ध बयान दर्ज किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भेज दी गई है। मामले की तहरीर के अनुसार पीड़िता उक्त मस्जिद में शिक्षा ग्रहण कर रही अपनी छोटी बहन को लेकर रोज जाती थी।

आरोप है कि मुरादाबाद के मूल निवासी मौलवी राशिक ने युवती को शादी का झांसा देकर एक साल तक उसके साथ दुष्कर्म किया और जब युवती ने शादी करने को कहा तो उसने ऐसा करने से मना कर दिया। युवती ने अपने माता पिता से इसकी शिकायत की।

इस पर उसके परिजनों ने मस्जिद के अध्यक्ष अब्दुल जब्बार से मिलकर इस मामले से अवगत कराया। शिकायत की पड़ताल के दौरान मस्जिद प्रबंधन को इस मामले में तीन मौलवियों के शामिल होने की जानकारी मिली। इस पर तीनों मौलवियों को मस्जिद से हटा दिया गया। इसके बाद युवती के पिता ने मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से इसकी शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ आईपीसी की सुसंगत धाराओं के तहत थाना सदर बाजार में मुकदमा दर्ज किया गया।

# हत्या के 28 साल पुराने मामले में 17 को उम्रक़ैद की सज़ा

**एजेंसी**

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मंगलवार को दलित उत्पीड़न मामलों की विशेष अदालत ने हत्या के 28 साल पुराने मामले में 17 आरोपियों को दोषी क़रार देते हुए उम्रक़ैद और अर्थदंड की सज़ा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी) मोहम्मद असलम ने दोहरे हत्याकांड मामले में फैसला सुनाते हुये 17 लोगों को आजीवन कारावास व 30-30 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

इस मामले में कुरारा क्षेत्र के चकोठी गांव में सन 1994 में पुरानी रंजिश के चलते 25 लोगों ने घेरकर अवैध असलहो से गांव के जसवंत व मोतीलाल की हत्या कर दी थी।

इसमें सभी 25 नामज़द के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज हुई थी। मामले की सुनवाई के दौरान पांच लोगों की मौत हो गई।

जबकि तीन अन्य अभी तक फरार हैं। मृतक जसबंत के भाई रमेशचन्द्र ने ओमप्रकाश, अर्जुन सिंह और भरत सहित अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। रमेशचंद्र ने बताया कि उसके भाई को घेरकर घर के दरवाजे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने गांव के ही मोतीलाल को घेर लिया था। जो जान बचा कर रिठारी की तरफ भागा था। जहां फूला के घर में हत्यारोपियों ने उसे भी घेर कर मार दिया था।

अधिवक्ता, विशेष लोक अभियोजन विजय सिंह ने बताया की इस मामले की सुनवाई 28 साल तक अदालत में चली।

दोनो पक्षों की सुनवाई पूरी होने पर अदालत ने वीर सिंह और जाहर सिंह सहित 17 हत्यारोपियों को दोषी ठहराते हुए सभी को आजीवन कारावास और 30-30 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

# आजम खान को हृदयरोग की समस्या उभरी, दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी**

रामपुर/नयी दिल्ली। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान को हृदयरोग की समस्या होने पर दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया, जहां उनके हृदय की धमनियों में रुकावट होने का पता चलने पर स्टंट डाला गया।

आजम खान के परिजनों ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि रामपुर में दो दिन पहले उन्हें सीने में दर्द होने पर दिल्ली स्थित गंगाराम अस्पताल लाया गया था। डाक्टरों ने सभी जरूरी परीक्षण कर धमनियों में रुकावट होने का पता चलने पर स्टंट डाला। गंगाराम अस्पताल के प्रवक्ता डा अजय कुमार ने बताया कि आजम खान की तबियत अब स्थिर है। उनकी तबियत में सुधार हो रहा है।

गौरतलब है कि रामपुर शहर से सपा विधायक आजम खान की तबियत सोमवार को अचानक नासाज़ हो गई थी। उनके परिजनों ने बताया कि दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में उनकी एंजियोग्राफी कराने पर हृदय की धमनियों में रुकावट होने का पता चला। धमनियों की रुकावट दूर करने के लिये 'हार्ट स्टंट' डाला गया है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से सफल रही। स्वास्थ्य लाभ होने पर जल्द ही आजम खान की अस्पताल से छुट्टी होने की संभावना है।

## शार्ट न्यूज

### राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पकड़ा गया 272 ग्राम सोना

हैदराबाद। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से बुधवार को सीमा-शुल्क अधिकारियों ने एक यात्री से 272.98 ग्राम सोना जब्त किया। इसकी कीमत तकरीबन 14.15 लाख रुपये है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह सोना एक महिला यात्री के पास से मिला, जो दुबई से विमान संख्या ईके 524 से भारत आयी थी। महिला ने सोने को पेस्ट के रूप में अपने शरीर में छुपाया था। सूत्रों ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

### सीतारमण ने नवी मुंबई में किया केंद्रीय जीएसटी परिसर का उद्घाटन

नयी दिल्ली। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नवी मुंबई के खारघर में सीजीएसटी अधिकारियों के लिए नवनिर्मित आवासीय कंप्लेक्स केन्द्रीय जीएसटी परिसर का आज उद्घाटन किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए 110 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान था लेकिन यह परियोजना 100 करोड़ रुपये में पूरी हो गयी है। उन्होंने कहा कि महामारी के बावजूद यह परियोजना एनबीसीसी द्वारा समय पर पूरी की गयी है। उन्होंने कहा कि एआई , डेटा एनालिटिक्स, आईओटी और इसी तरह की दूसरी प्रौद्योगिकियों का धोखाधड़ी करने वालों और कर चोरी करने वालों की पहचान करने में किये जाने की आवश्यकता है। इस मौके पर राजस्व सचिव तरूण बजाज ने कहा कि केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड का अगला परिसर वडाला में आ रहा है जहा 40 एकड़ में 4000 आवासीय फ्लैटों का निर्माण किया जाना है। इसमें तीन आफिस टावर भी होंगे। पहले चरण में करीब 800 फ्लैट और एक आफिस टावर का निर्माण किया जायेगा।

### रुपया 35 पैसे टूटा

मुंबई। वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार की गिरावट से अमेरिकी मुद्रा को मिले समर्थन के बल पर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा कारोबार में रुपया 35 पैसे टूटकर 79.52 रुपये प्रति डॉलर पर लुढ़क गया। पिछले सत्र में रुपया 36 पैसे की मजबूती लेकर 79.17 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 41 पैसे की गिरावट लेकर 79.58 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 79.60 रुपये प्रति डॉलर के निचले और 79.38 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा। इसी दौरान घरेलू स्तर पर भी शेयर बाजार में बिकवाली हुयी से विदेशी मुद्रा प्रवाह में कमी आने की आशंका में डॉलर की मांग आने लगी। इन वजहों से रुपया अंत में 35 पैसे टूटकर 79.52 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

### अगस्त में कुछ नरम पड़ी थोक महंगाई

नयी दिल्ली। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई इस वर्ष अगस्त में घटकर 12.41 प्रतिशत पर आ गयी जबकि जुलाई 2022 में यह 13.93 प्रतिशत पर रही थी। जुलाई की तुलना में अगस्त में इसमें 0.46 प्रतिशत की कमी आयी है। आज जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अगस्त में मिनरल तेल, खाद्य पदार्थ, कच्चा तेल एवं प्राकृतिक गैस, बेसिक धातु, रसायन एवं रसायन उत्पादा, बिजली, खाद्य उत्पादा आदि की कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बढोतरी होने के कारण थोक महंगाई अधिक रही है। अगस्त में इसमें कुछ नरमी दिखने के बावजूद यह पिछले 17 महीने से दो अंकों में बनी हुयी है। जुलाई 2022 की तुलना में अगस्त में प्राथमिक वस्तुओं की थोक महंगाई 15.04 प्रतिशत से घटकर 14.93 प्रतिशत पर आ गयी। इसी तरह से ईंधन एवं पावर का सूचकांक भी 43.75 प्रतिशत घटकर 33.67 प्रतिशत पर आ गयी। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में जुलाई की तुलना में अगस्त में कुछ नरमी रही और यह 8.16 प्रतिशत की तुलना में गिरकर 7.51 प्रतिशत पर आ गयी। अगस्त में हालांकि खाद्य सूचकांक में तेजी रही और यह जुलाई के 9.41 प्रतिशत की तुलना में अगस्त में बढ़कर 9.93 प्रतिशत पर पहुंच गयी। इस वर्ष में जून में थोक महंगाई 16.23 प्रतिशत पर रही थी।

### क्लाउड स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का नया चरण

नयी दिल्ली। जनरेशन इंडिया फाउंडेशन ने एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम के के तहत क्लाउड स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का नया चरण शुरू करने के साथ ही पहले परण के 6 समूहों को प्रशिक्षित कर दिया है। संगठन ने आज यहां गताया कि एडब्लूएस रि/स्टार्ट एक 12 हफ्तों का ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें एडब्लूएस क्लाउड के मूलभूत कौशल और व्यवहारिक करियर कौशल, जैसे इंटरव्यू लेना और रेज़्यूम राईटिंग सिखाए जाते हैं तथा लोगों को एंट्री लेवल के क्लाउड कार्यों के लिए तैयार किया जाता है। एडब्लूएस रि/स्टार्ट ग्रेजुएट्स ने टेक्निकल एवं सॉफ्ट स्किल्स का विकास किया है, जो उन्हें एंट्री लेवल के टेक्नोलॉजी करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करेंगी। यह कार्यक्रम बेरोजगारों और अल्परोजगार वाले लोगों को क्लाउड टेक्नोलॉजी में नए करियर के लिए तैयार करता है। वास्तविक दुनिया के परिदृश्य पर आधारित क्रियाकलापों, प्रयोगशालाओं, और पाठ्यक्रम के साथ विद्यार्थियों में विभिन्न टेक्नोलॉजी क्षेत्रों, जैसे लाईनक्स, पायथन, नेटवर्किंग, सिक्योरिटी, और रिलेशनल डेटा बेस में भिन्न-भिन्न योग्यताओं का विकास होता है। इस कोर्स में लर्नर को अपना क्लाउड का कौशल प्रमाणित करने और उद्योग में मान्यताप्राप्त प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए एडब्लूएस सर्टिफाईड क्लाउड प्रैक्टिशनर परीक्षा में बैठने की लागत भी शामिल है। अंततः, एडब्लूएस रि/स्टार्ट लोगों को ऑपरेशंस, साईट रिलायबिलिटी, और इन्फ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट में एंट्री लेवल की क्लाउड भूमिकाओं के लिए तैयार करता है। एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम 2025 तक 2.9 करोड़ लोगों को निशुल्क अपने क्लाउड कंप्यूटिंग के कौशल का विकास करने में मदद देने के एमेज़ॉन के प्रयास का हिस्सा है।

### कोनिका मिनोल्टा ने मोबोटिक्स से रणनीतिक साझेदारी का किया विस्तार

नयी दिल्ली। डिजिटल ट्रांस्फॉर्मेशन सॉल्यूशन और सेवाएं देने वाली कंपनी कोनिका मिनोल्टा इंडिया और मोबोटिक्स एजी ने भारतीय बाजार के मद्देनजर रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने के लिए हाथ मिलाया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कंपनी एआई संचालित और आईओटी सक्षम इंटेलिजेंट वीडियो सुरक्षा और एनेलिटिक्स सॉल्यूशन पेश करेगी जिनकी मदद से सरकारों और उद्यमों के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं, स्थितियों और व्यवहारों का विश्लेषण करना और फिर उचित कदम उठाना आसान होगा। कोनिका मिनोल्टा इंडिया टीम की संरचना का विस्तार और पुनर्गठन किया जा रहा है ताकि क्षेत्रीय बिक्री, सेवा, पूर्व बिक्री और संचालन सेवा सभी क्षेत्रों में कंपनी की गहरी पैठ बने। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता ग्राहकों को चैनल पार्टनरों के माध्यम से व्यवसाय विकास और तकनीकी कार्यों के लिए बेहतरीन सहायता और सेवाएं सुनिश्चित होगी। कोमिनोल्टा इंडिया और मोबोटिक्स मिल कर वीडियो निगरानी के क्षेत्र में निरंतर प्रगति और नई पहल करती रहेंगी। कोनिका मिनोल्टा की एआई और डीप लर्निंग की बुनियादी क्षमताओं और मोबोटिक्स की हाई-एंड कैमरा तकनीक के मेल से कई मौजूदा और भावी एप्लीकेशंनों को कारोबार में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

### हेल्थ-टेक स्टार्टअप मेडीसेवा ने जुटाए 1.5 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। मध्य प्रदेश स्थित टेलीमेडिसिन हेल्थकेयर स्टार्टअप मेडीसेवा ने एआईसी आरएनटीयू भोपाल से स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के तहत प्री-सीरीज फंडिंग के रूप में 1.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसको मोहित गुलाटी, मंदार जोशी, यामिका मेहरा, अंकिता वशिष्ठ, आरती गुप्ता और डॉ. विवेक बिंद्रा जैसे एंजेल निवेशकों के समूह से भी निवेश मिला है, जिसका नेतृत्व हॉर्सेज स्टेबल ने ग्रामीण भारत में 'मेडीसेवा केंद्र' की महत्वाकांक्षी पहल के तहत मजबूत नेटवर्क तैयार करने के लिए किया था। महामारी ने भारत में हेल्थकेयर सुविधाओं की अनुपलब्धता को सामने रखा था, विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों और दूरदराज के गांवों में। स्टार्टअप का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत के प्रत्येक ग्रामीण को उनके नजदीक ही कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले डॉक्टर और चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हों।

# देश का व्यापार घाटा 139 प्रतिशत बढ़कर 27.98 अरब डॉलर पर पहुंचा

नयी दिल्ली। देश में अगस्त 2022 में निर्यात के मुकाबले आयात के अधिक रहने से वाणिज्यिक वस्तुओं का व्यापार घाटा 139 प्रतिशत बढ़कर 27.98 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार वाणिज्यिक वस्तुओं के निर्यात में वार्षिक आधार पर 1.62 प्रतिशत की हल्की बढ़त दर्ज की गयी। अगस्त 2022 में निर्यात 33.92 अरब डॉलर रहा जो इससे एक वर्ष पूर्व 33.38 अरब डॉलर था।

आलोच्य माह में 61.90 अरब डॉलर की वस्तुओं का आयात हुआ जो वार्षिक आधार पर 37 प्रतिशत अधिक है।

आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2022 में पिछले वर्ष के मुकाबले निर्यात में सबसे अधिक तंबाकू में 76.4 प्रतिशत, खाद्य तेल में 73.7, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में 50.8 और चावल में 43.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्नाभूषण का निर्यात इस दौरान 1.64 प्रतिशत गिरकर 24.88 अरब डॉलर रहा। यह अगस्त 2021 में 25.29 अरब डॉलर था।

गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्नाभूषण का आयात अगस्त 2022 में 37.53




अरब डॉलर पर पहुंच गया जो इससे एक वर्ष पूर्व हुए 26.69 अरब डॉलर के आयात से 40.63 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-अगस्त अवधि में वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात 17.68 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 193.51 अरब डॉलर रहा जो अप्रैल-अगस्त 2021 में 164.44 अरब डॉलर था।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-अगस्त 2022 में 318.03 अरब डॉलर की वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात हुआ जो इससे एक वर्ष पूर्व समान अवधि में हुए 218.22 अरब डॉलर के आयात से 45.74 प्रतिशत अधिक है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अप्रैल-अगस्त 2022 में वाणिज्यिक वस्तुओं के व्यापार घाटे का 124.52 अरब डॉलर रहने का अनुमान है जो अप्रैल-अगस्त 2021 में 124.52 अरब डॉलर था। इसमें 131.52 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है।

भारत का अगस्त 2022 में कुल निर्यात (वाणिज्यिक वस्तुओं और सेवा समेत) का 57.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है जो एक वर्ष पूर्व समान माह की तुलना में 6.75 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह कुल आयात आलोच्य माह में अनुमानित 75.84 अरब डॉलर दर्ज किया गया। यह वार्षिक आधार पर 33.15 प्रतिशत अधिक है।

देश का अप्रैल-अगस्त 2022 में कुल निर्यात सालाना आधार पर 19.72 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 311.82 अरब डॉलर होने का अनुमान है। इस अवधि में कुल आयात का 390.91 अरब डॉलर रहने का अनुमान है जो बढ़ोतरी के दृश्य से 43.78 प्रतिशत अधिक है।

# तेजी पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स व निफ्टी में बिकवाली

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर आईटी , टेक, तेल एवं गैस जैसे प्रमुख समूहों की कंपनियों में हुयी बिकवाली के कारण आज चार दिनों से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया और सेंसक्स तथा निफ्टी गिरावट लेकर बंद हुये।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 224.11 अंक टूटकर 60346.97 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 66.30 अंक उतर कर 18003.75 अंक पर रहा। गिरावट का असर छोटी और मझौली कंपनियों पर भी दिखा जहां बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत उतरकर 26225.31 अंक पर और स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत टूटकर 29892.37 अंक पर रहा।



बीएसई में कुल 3611 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1789 गिरावट में रही जबकि 1685 बढ़त हासिल करने में सफल रही। इस दौरान 137 कंपनियों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में शामिल समूहों से गिरावट में रहने वालों में आईटी 3.28 प्रतिशत, टेक 2.85 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.90 प्रतिशत और सीडी 0.83 प्रतिशत शामिल है। बढ़त में रहने वालों में धातु 1.91 प्रतिशत, बैंकिंग 1.28 प्रतिशत, वित्त 0.93 प्रतिशत, बेसिक मटेरियल्स 1.18 प्रतिशत शामिल है।

वैश्विक स्तर पर अधिकांश प्रमुख सूचकांक लाल निशान में दिखे। ब्रिटेन का एफटीएसई 1.02 प्रतिशत, जापान का निक्केई 2.78 पतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 2.48 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.80 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.53 प्रतिशत टूट गया।

बीएसई का सेंसेक्स वैश्विक स्तर से मिले नकारात्मक संकेतों के कारण 1153 अंकों की गिरावट के साथ 60 हजार अंक से निचे 59417.12 अंक पर खुला और यही इसका आज का निचला स्तर भी रहा। सत्र के दौरान यह लिवाली के बल पर 60649.04 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन अंत में फिर से मुनाफावसूली के कारण यह अंत में पिछले दिवस के 60571.08 अंक की तुलना में 224.11 अंक अर्थात 0.37 प्रतिशत की गिरावट लेकर 60346.97 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 15 हरे निशान में और 15 लाल निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी करीब 300 अंकों की गिरावट लेकर 17771.15 अंक पर खुला और यही इसका भी निचला स्तर रहा। सत्र के दौरान लिवाली के दम पर यह 18091.55 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा और अंत में पिछले दिवस के 18070.05 अंक की तुलना में 0.37 प्रतिशत अर्थात 66.30अंक गिरकर 18003.75 अंक पर रहा।

एनएसई में शामिल 50 कंपनियों में से 29 गिरावट में रही जबकि 21 बढ़त हासिल करने में सफल रही।

## केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने पेश किया आइसेलेक्ट गारंटीड फ्यूचर प्लान

नयी दिल्ली। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने आइसेलेक्ट गारंटीड फ्यूचर प्लान पेश किया है। यह कंपनी के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध एक व्यक्तिगत, नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, बचत एवं सुरक्षा जीवन बीमा योजना है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इस योजना को खासतौर से आज के जमाने के ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो कि इंटरनेट पर सक्रिय रहते हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म को पसंद करते हैं। यह प्लान लोगों को भविष्य के लिए वित्तीय जरूरतों की बचत करने और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करता है। इस उत्पाद को जरूर मिलने वाले लाभों के साथ पेश किया गया है। इसमें ग्राहकों को प्लान के विकल्पों, प्रीमियम राशि, प्रीमियम भुगतान की अवधि, पॉलिसी की अवधि और प्रीमियम भुगतान का तरीके को अपनी पसंद एवं बचत की जरूरतों के मुताबिक चुनने की लचीलता मिलती है। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ अनुज माथुर ने कहा, इस पेशकश से विभिन्न प्लेटफॉर्म पर हमारी डिजिटल उपस्थिति का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। यह प्लान ग्राहकों को अपनी उपलब्धियों के लिए अधिक से अधिक बचत करने और निश्चित अंतराल पर वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा। कंपनी पिछले 14 वर्षों से अपने ग्राहकों से किए गए वादे पूरे कर रही है और उनके प्रॉमिस का पार्टनर बनने के लिए लगातार कोशिश कर रही है।

# हेल्थ-टेक स्टार्टअप मेडीसेवा ने जुटाए 1.5 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। मध्य प्रदेश स्थित टेलीमेडिसिन हेल्थकेयर स्टार्टअप मेडीसेवा ने एआईसी आरएनटीयू भोपाल से स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के तहत प्री-सीरीज फंडिंग के रूप में 1.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसको मोहित गुलाटी, मंदार जोशी, यामिका मेहरा, अंकिता वशिष्ठ, आरती गुप्ता और डॉ. विवेक बिंद्रा जैसे एंजेल निवेशकों के समूह से भी निवेश मिला है, जिसका नेतृत्व हॉर्सेज स्टेबल ने ग्रामीण भारत में 'मेडीसेवा केंद्र' की महत्वाकांक्षी पहल के तहत मजबूत नेटवर्क तैयार करने के लिए किया था। महामारी ने भारत में हेल्थकेयर सुविधाओं की अनुपलब्धता को सामने रखा था, विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों और दूरदराज के गांवों में। स्टार्टअप का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत के प्रत्येक ग्रामीण को उनके नजदीक ही कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले डॉक्टर और चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हों। स्टार्टअप सतत स्थानीय पहुंच के साथ टियर 2 और टियर 3 क्षेत्रों में मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है। ग्रामीण भारत में टेलीमेडिसिन पर केंद्रित इस हेल्थ-टेक स्टार्टअप ने पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, अस्पताल में भर्ती, एम्बुलेंस और होम केयर सेवाओं जैसी कंसल्टेशन एवं सर्विसेज प्रदान करने वाले मेडीसेवा केंद्र स्थापित किए हैं। इस प्रकार, यह स्टार्टअप वर्चुअल कंसल्टेशन से लेकर सर्जरी कराने और डायग्नोस्टिक टेस्ट से लेकर मेडिकल रिकॉर्ड को डिजिटल करने तक सभी पहलुओं को कवर करता है।

# कर्ज प्राप्त करने में 85 प्रतिशत महिला उद्यमियों के सामने आई चुनौतियां : बीवाईएसटी अध्ययन

नयी दिल्ली। सरकारी बैंकों से कर्ज सेवाओं का लाभ उठाने में 85 प्रतिशत महिला उद्यमियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और उनमें से कम से कम 60 प्रतिशत को महत्वपूर्ण वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

यह जानकारी भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) के अध्ययन में सामने आयी।

बीवाईएसटी एक सामाजिक-आर्थिक पहल है जो वंचित समुदायों के नवोदित उद्यमियों को सलाह देती है।

उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चेन्नई, पुणे और दिल्ली एनसीआर में लाभदायक व्यवसाय स्थापित करने के लिए तीन साल के बीवाईएसटी महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम के दौरान सर्वेक्षण किया गया था। यह कार्यक्रम फरवरी 2019 से जुलाई 2022 तक आयोजित किया गया था।

बीवाईएसटी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जुलाई 2022 में ऊष्मायन अवधि के अंत तक लगभग 93 प्रतिशत महिला उद्यमियों के लिए प्रमुख कौशल (बैंकिंग और उद्यमिता) में काफी सुधार हुआ। एनसीआर क्षेत्र सहित तीन शहरों में कारोबार स्थापित करने के लिए 450 महिला उद्यमियों को तैयार करने का लक्ष्य था। इनकी औसत आयु 34 वर्ष थी और घरेलू आय दो लाख रुपये प्रति वर्ष से कम थी। इसके जरिये 10,350 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने का उद्देश्य था। सभी लाभार्थियों में से कम से कम 94 प्रतिशत ने बीवाईएसटी द्वारा कई चरणों की विस्तृत व्याख्या के कारण प्रक्रिया को सुचारू पाया। विस्तृत दस्तावेज़ीकरण और जटिल वित्तीय शब्दजाल की आवश्यकता केवल छह प्रतिशत लाभार्थियों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुई।

बैंकिंग भागीदारों ने बताया कि उन्होंने कर्ज वितरण प्रक्रिया के दौरान बीवाईएसटी द्वारा समर्थित महिलाओं के रवैये में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा है। इससे लाभार्थियों को प्रक्रिया का मालिकाना हक लेने में सक्षम बनाया है।

इंडियन ओवरसीज बैंक के महाप्रबंधक एस. गोपाल ने कहा, बीवाईएसटी सलाह कार्यक्रम न केवल युवा उद्यमियों के लिए बल्कि हमारे जैसे बैंकरों के लिए भी मददगार है।

बीवाईएसटी की प्रबंध निदेशक और संस्थापक लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने कहा, आज मैं विश्वास के साथ कह सकती हूं कि भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बीवाईएसटी द्वारा सहायता प्राप्त, कम-विशेषाधिकार प्राप्त, अच्छी तरह से प्रशिक्षित उद्यमियों के ऋण आवेदनों का स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। बैंकों के शाखा प्रबंधकों को आश्वस्त किया जाता है कि हमारे आवेदक बैंक योग्य प्रस्तावों के साथ आते हैं और दो साल तक मुफ्त मेंटरशिप के साथ अपने कारोबार को बनाए रखने के लिए एक मजबूत स्थिति में हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने घरेलू खुदरा सावधि जमा पर ब्याज दरें बढ़ाईं

एजेंसी

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने बुधवार को दो करोड़ रुपये से कम राशि वाले घरेलू खुदरा सावधि जमा पर ब्याज दर बढ़ाने की घोषणा की।

बैंक ने एक बयान में कहा कि ब्याज दरों में हुआ यह इजाफा 13 सितंबर से प्रभावी हो गया है।

बैंक एक वर्ष तक की अवधि के लिए 5.30 प्रतिशत के मुकाबले 5.50 प्रतिशत ब्याज देगा, एक वर्ष से दो वर्ष तक के लिए 5.45 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.50 ब्याज दिया जाएगा, जबकि दो वर्ष से तीन वर्ष तक की अवधि के लिए 5.50 प्रतिशत की जगह 5.55 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा। तीन वर्ष से 10 वर्ष की जमा पर ब्याज दर 5.50 प्रतिशत के मुकाबले 5.65 प्रतिशत कर दी गयी।

बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक वर्ष तक जमा पर ब्याज दर को 5.80 प्रतिशत से बढ़ाकर छह प्रतिशत, 400 दिन से दो वर्ष तक अवधि में इसे 5.95 प्रतिशत से बढ़ाकर छह प्रतिशत, दो वर्ष से तीन वर्ष के अंतराल के लिए छह प्रतिशत से 6.05 प्रतिशत, तीन वर्ष से पांच वर्ष के लिए 6.15 प्रतिशत से 6.30 प्रतिशत और पांच से 10 वर्षों के लिए 6.50 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.65 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ने कहा इसके अतिरिक्त बड़ौदा तिरंगा जमा योजना जो दो अवधि के लिए उपलब्ध है, उसमें पंजीकरण की तिथि को बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दिया गया है। इसमें 444 दिनों के लिए 5.75 प्रतिशत और 555 दिनों के लिए छह प्रतिशत ब्याज दिया जाता है।

इसके अलावा वरिष्ठ नागरिक 0.5 प्रतिशत प्रति वर्ष का अतिरिक्त ब्याज अर्जित करते हैं, जबकि गैर-प्रतिदेय जमाओं को 0.15 प्रतिशत प्रति वर्ष मिलता है।

## ऋण पुर्नगठन के लिये श्रीलंका की भारत से बातचीत

कोलंबो। गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका ने ऋण पुनर्गठन में मदद के लिए चुनी गई विदेशी ऋण सलाहकार फर्म लैजार्ड के जरिये भारत, चीन और जापान के साथ बातचीत की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पड़ोसी मुल्क ने लैजार्ड को द्विपक्षीय और अन्य ऋण धारकों के साथ चर्चा करने के लिए काम पर रखा है। इस बारे में श्रीलंका के मंत्री रमेश पाथीराना ने समाचार पत्र आइसलैंड के हवाले से कहा, बातचीत जारी है और उम्मीद है कि इस सिलसिले में आम सहमति बन जाये। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मदद पाने के लिये श्रीलंका के लिए ऋण पुनर्गठन काफी अहम है। आईएमएफ का कहना है कि श्रीलंका के लेनदारों से ऋण राहत और बहुपक्षीय भागीदारों से अतिरिक्त वित्तपोषण की जरूरत होगी ताकि ऋण स्थिरता सुनिश्चित करने और वित्तपोषण अंतराल को बंद करने में मदद मिल सके।

## मोतीलाल ओसवाल का अचीवर्स इक्विटीज के साथ रणनीतिक गठबंधन

मुंबई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने अचीवर्स इक्विटीज लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक गठबंधन किया जिसमें उसके 9,281 खुदरा ग्राहकों के लिए सभी एमओएफएसएल क्यूरेटेड उत्पादों और अनुसंधान विशेषज्ञता की पेशकश की जाएगी। मोतीलाल ओसवाल ने बुधवार को एक बयान में कहा कि विशेष रूप से तैयार निवेश उत्पाद एमओएफएसएल फिजिटल (भौतिक और डिजिटल) क्षेत्र का अनुभव करने में ग्राहकों की मदद करेंगे। इन उत्पादों में कई खूबियां मौजूद हैं जैसे कि पहले से तैयार निवेश योजनायें, एक क्लिक में निवेश, जानकारीपूर्ण विश्लेषणात्मक और वास्तविक समय में निगरानी करना और इसे 35 वर्षों की विशेषज्ञता का समर्थन प्राप्त है। इसमें ग्राहकों को इक्विटी विशेषज्ञों से विशिष्ट जानकारियां भी मिलेंगी। अचीवर्स इक्विटीज लिमिटेड को पूंजी और जिंस बाजार के नकद एवं डेरिवेटिव दोनों पक्षों के लिए परामर्श सेवाओं में विशेषज्ञता प्राप्त है। साथ ही यह म्युचुअल फंड, बॉन्ड, आईपीओ, कॉरपोरेट फिक्स्ड डिपॉजिट और बीमा जैसे बचत एवं निवेश साधनों का वितरक भी है। एमओएफएसएल के बिजनेस एलायंस के प्रमुख गौरव मनिहार ने कहा, अपने साझेदार सदस्यों और उनके ग्राहकों को उच्चतम गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवा अनुभव की पेशकश करने के इरादे से, हम अचीवर्स इक्विटीज लिमिटेड का स्वागत करते हैं। निर्बाध ट्रेडिंग अनुभव और हमारी शोध विशेषज्ञता ग्राहकों को उनकी व्यावसायिक विकास यात्रा में फायदा पहुंचाएगी। उन्होंने कहा, एमओएफएसएल ने पिछले तीन वर्षों में पूरे भारत में बीटीए के माध्यम से आठ व्यवसायों के व्यवसायों एवं ग्राहकों (व्यापार हस्तांतरण के माध्यम से) का अधिग्रहण किया है और इन गठबंधनों के माध्यम से करीब 1.20 लाख ग्राहकों को जोड़ा गया है, यह ग्राहकों और एमओएफएसएल दोनों के लिए फायदेमंद रहा है।

## क्वान्टास ने शुरू की सिडनी और बेंगलुरु के बीच सीधी उड़ान

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विमानन कंपनी क्वान्टास ने बुधवार को सिडनी और बेंगलुरु के बीच सीधी उड़ान सेवा का परिचालन प्रारंभ कर दिया। विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा कि सिडनी से बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच ए330 विमान का इस्तेमाल किया जाएगा। यह उड़ान सेवा सप्ताह में चार दिन बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को उपलब्ध रहेगी। इस सीधी उड़ान से दोनों शहरों की बीच अब तक की सबसे तेज उड़ान में लगने वाले समय से तीन घंटे का समय कम लगेगा। यह दोनों देशों के प्रमुख शहरों की बीच एक नया मार्ग है। इससे पहले क्वान्टास ने बीते वर्ष सिडनी-दिल्ली के बीच सीधी उड़ान सेवा स्थापित की थी। कंपनी ने कहा कि उत्तर और दक्षिण भारत के आबादी वाले शहरों के लिए सीधी उड़ानें होने से अधिक संपर्क साधा जा सकेगा और इससे स्थानीय पर्यटन तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# कृषि डेरिवेटिव्स बाजार का विकास हो राष्ट्रीय प्राथमिकता

नयी दिल्ली। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), उदयपुर समेत प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षाविदों के अनुसार डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग से न तो भाव चढ़ते हैं और न ही उसे बंद करने से कीमतों में उतार-चढ़ाव घटा है। उन्हें डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग के इस तरह के असर के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं।

आईआईएम-उदयपुर की प्रो. निधि अग्रवाल, जिंदल स्कूल ऑफ गवर्नमेंट एंड पब्लिक पॉलिसी की तीर्था चटर्जी और रिसर्च स्कॉलर करण सहगल के अध्यन पर आधारित मंगलवार को %द इम्पैक्ट ऑफ सस्पेंशन ऑफ कमोडिटी डेरिवेटिव्स ऑन द एग्री इकोसिस्टम शीर्षक वाले शोध पत्र को जारी किया गया।

शोध पत्र में कहा गया, वायदा के बिना जिंसो की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर काबू हो ही नहीं सकता और उनके भाव में डेरिवेटिव्स श्रेणी के जिंसों के मुकाबले अधिक उठापटक हो सकती है क्योंकि डेरिवेटिव्स वाले जिंसों पर स्तर सीमा, मुनाफे की आवश्यकता और दैनिक मूल्य सीमा जैसी बंदिशें हैं।

अध्ययन का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों को ध्यान में रखते हुए यह समझना था कि विभिन्न नीतिगत फैसले हाजिर और डेरिवेटिव्स बाजारों पर कैसे असर डालते हैं और डेरिवेटिव्स कैसे प्रमुख नीतिगत मसलों का विकल्प बन सकता है या उनमें मदद कर सकता है।

अध्ययन में कहा गया कि भारत सरकार महंगाई की चिंता में वर्ष 2005 से अभी तक 17 वायदा अनुबंध बंद कर चुकी है और उनमें से कुछ पर तो तीन-तीन बार रोक लगाई गई है। मगर दुनिया के दूसरे हिस्सों में ऐसा एक भी उदाहरण नहीं मिलता। इसमें कहा गया कि नेपाल और म्यांमार जैसे छोटे देश तो एक्सचेंज स्थापित कर डेरिवेटिव्स बाजार तथा बचाव व्यवस्था को बढ़ावा देते आ रहे हैं। भारत ने महामारी के बाद कृषि जिंस बाजार के बदले हालात में भाव तय करने की ताकत हासिल करने का मौका गंवा दिया है। चीन का उदाहरण देते हुए बताया गया कि वायदा कारोबार बंद होने से देश संदर्भ भाव के लिए शिकागो बोर्ड ऑफ ट्रेड (सीबॉट) और इंटर कॉन्टिनेंटल एक्सचेंज (आइस) जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर निर्भर हो गया है।

अध्ययन में निष्कर्ष निकालते हुए कहा गया, वैश्विक स्तर पर होड़ करने लायक कृषि डेरिवेटिव्स बाजार

तैयार करना ही हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। इस पर लगाई गई रोक पर फौरन पुनर्विचार करने तथा भारत में कृषि डेरिवेटिव्स बाजार के विकास में मदद करने का यही सही समय है। प्रतिबंध लगाने और कई वर्ष में हासिल किए गए फायदों को खत्म कर देने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### श्री अरविंदो कॉलेज, आईजीआई प्री इंटर कॉलेज महिला कबड्डी मैच जीता

नयी दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में पहली बार आयोजित प्री इंटर कॉलेज महिला कबड्डी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में बुधवार को श्री अरविंदो कॉलेज ने माता सुंदरी कॉलेज को 52-20 से हराया। दिन के दूसरे मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज कॉलेज (आईजीआईपीईएसएस) ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज को 53-33 से मात दी। दिल्ली यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काउंसिल के निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल ने उद्घाटन मैच में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

### वायुसेना ने जीत का स्वाद चखा, रॉयल रेंजर्स को हराया

नयी दिल्ली। भारतीय वायुसेना ने लगातार पराजयों का सिलसिला तोड़ते हुए प्रीमियर लीग में रोयल रेंजर्स को 4-3 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। मैन ऑफ द मैच मणि मारन, सोमानन्दन सिंह, बिश्वजीत हलदार और तोम्बिंग गुजाम ने विजेता टीम के गोल किए। रॉयल रेंजर्स के लिए डेली (2) और प्रशांत वर्मन ने गोल जमाए। दिन के दूसरे रोमांचक मुकाबले में फ्रेंड्स यूनाइटेड ने तरुण संघा को 3-2 से परास्त किया। विजेता के गोल संडे, अजय और अभिषेक ने किए, जबकि तरुण संघा के दोनों गोल स्टेनले ने जमाए। खेलों इंडिया महिला लीग में अहबाब क्लब ने शी किक्स को डिप्सना थापा (सात गोल) के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत 9-1 से, जबकि फ्रंटियर ने उत्तरांचल को 14-0 से परास्त किया। एक अन्य मैच में ईव्स ने हिमांशी की तिकड़ी से जगुआर को 11-0 से छकाया।

### श्री अरविंदो कॉलेज ने आईजीआई प्री इंटर कॉलेज महिला कबड्डी मैच जीता

नयी दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में पहली बार आयोजित प्री इंटर कॉलेज महिला कबड्डी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में बुधवार को श्री अरविंदो कॉलेज ने माता सुंदरी कॉलेज को 52-20 से हराया। दिन के दूसरे मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज कॉलेज (आईजीआईपीईएसएस) ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज को 53-33 से मात दी। दिल्ली यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काउंसिल के निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल ने उद्घाटन मैच में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

### कोहली अंतरराष्ट्रीय टी20 रैंकिंग में 15वें स्थान पर

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एशिया कप 2022 में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाते हुए 15वां स्थान हासिल कर लिया है। आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार कोहली की टी20 रैंकिंग में 14 पायदान का सुधार हुआ है और वह 599 रैंकिंग पॉइंट के साथ 15वें स्थान पर हैं। कोहली ने एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ लगभग तीन वर्षों (1020 दिन के बाद) के अंतराल के बाद शतक जड़ा था। उन्होंने एशिया कप के पांच मैचों में कुल 276 रन बनाए जिसमें एक शतक के अलावा दो अर्द्धशतक भी शामिल हैं। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम ने बाबर आजम को पछाड़ कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में भुवनेश्वर कुमार चार पायदान चढ़कर सातवीं रैंकिंग पर आ गये हैं। भुवनेश्वर एशिया कप के पांच मैचों में 10.45 की औसत से 11 विकेट लेकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार रन के बदले पांच विकेट लिये थे।

### साइकिल चालक आदिल तेली ने लेह-मनाली के बीच विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा

श्रीनगर। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक साइकिल चालक आदिल तेली ने लेह से मनाली तक 475 किलोमीटर की दूरी 29.18 घंटे 21 सेकेंड में तय कर एक और रिकॉर्ड कायम किया है। साथ ही पुराने रिकॉर्ड 35.32 घंटे के रिकॉर्ड को भी तोड़ डाला है। आदिल रविवार सुबह 5.41 बजे लेह से रवाना हुआ और रास्ते में पांच ऊंचे दर्रे पार कर सोमवार को सुबह 11 बजकर 59 मिनट पर मनाली पहुंचा और भारतीय सेना के भरत पन्नू के पुराने विश्व रिकार्ड को करीब 6.16 घंटे कम समय लेकर तोड़ा। आदिल ने यूनीवार्ता को बताया,इस पूरे 29 घंटों के दौरान मुझे नींद नहीं आई और सड़क अपेक्षा से अधिक दुरूह थी। उसने कहा कि यात्रा का सबसे कठिन हिस्सा पांच उच्च ऊंचाई वाले हिमालयी दर्रों को पार करना था, जिनमें से तंगलांगला दर्रा जो समुद्र तल से 5,300 मीटर की ऊंचाई पर है, सबसे चुनौतीपूर्ण था। सड़क पर अन्य उच्च दर्रे नकीला पास, लाचुंग ला पास, बारालाचा ला पास समुद्र तल से 4,000 मीटर से ऊपर थे, जबकि रोहतांग ला दर्रा समुद्र तल से 3,800 मीटर ऊपर है, जो रात के समय और ठंड के बीच पार करना भी चुनौतीपूर्ण था। हिमालय की ऊंची चोटियों पर बर्फ जमा होने के कारण हवाएं चाकू की तरह चुभती हैं। आदिल मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के नरबल के रहने वाले हैं और पहले ही कश्मीर से कन्याकुमारी तक पैदल चलकर 2021 में केवल आठ दिनों में 3,600 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज किया है।

### मंधाना के अर्द्धशतक की बदौलत भारत ने शृंखला बराबर की

डर्बी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने स्मृति मंधाना (79 नाबाद) के अर्द्धशतक और स्नेह राणा (24/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को दूसरा टी20 मैच आठ विकेट से हराकर शृंखला एक-एक से बराबर की। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 143 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे हरमनप्रीत कौर की टीम ने 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। इंग्लैंड के 142 रन का पीछा करते हुए मंधाना ने भारत को विस्फोटक शुरुआत दिलायी और शेफाली वर्मा (20) के साथ पहले विकेट के लिये छह ओवर में 55 रन जोड़े। शेफाली के बाद क्रीज पर आयीं दयालन हेमलता 10 गेंदों पर नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं, जिसके बाद मंधाना ने कप्तान हरमनप्रीत के साथ मिलकर भारत को जीत तक पहुंचाया। मंधाना ने अपनी नाबाद पारी में 53 गेंदों पर 13 चौकों की बदौलत 79 रन बनाये जबकि हरमनप्रीत ने 22 गेंदों पर चार चौकों सहित 29 रन की नाबाद पारी खेली। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिये 69 रन की साझेदारी हुई और भारत ने 20 गेंदें रहते आठ विकेट से मैच जीत लिया। इससे पहले, इंग्लैंड ने 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाये थे। इंग्लैंड की ओर से फ्रेया केंप ने 37 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की बदौलत नाबाद 51 रन बनाये, जबकि माया बाउचियर ने 26 गेंदों पर 34 रन जोड़े।

### नेशनल गेम्स के लिए खिलाड़ी जोश के साथ जुटे

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को 36वीं नेशनल गेम्स 2022 में भाग ले रहे खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने जाने के द्वार समान 36वीं नेशनल गेम्स गुजरात में 29 सितंबर से आयोजित होने जा रही है। ऐसे में गुजरात का प्रत्येक खिलाड़ी इस नेशनल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूरे जोश के साथ जुटा है। श्री पटेल ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्द्धन के लिए मंगलवार को अहमदाबाद में आयोजित गो फॉर गोल्ड कार्यक्रम में कहा कि खिलाड़ियों की तैयारी तथा सरकार की ज़िम्मेदारी के संगम से खेल-कूद क्षेत्र में अपेक्षित परिणाम प्राप्त किए जा सकेंगे। खेलों में रुचि रखने वाले गुजरात के प्रत्येक खिलाड़ी को गुणवत्तायुक्त सुविधाएँ प्राप्त कराने के लिए राज्य सरकार उसके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि गुजरात में खेल-कूद प्रतिभा पहले से ही भरपूर है।

# अंडर-17 महिला फुटबाल विश्व कप के आयोजन को मंत्रिमंडल की मंजूरी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में फेडरेशन डी फुटबॉल एसोसियेशन (फीफा) अंडर-17 महिला विश्व कप के आयोजन को हरी झंडी दिखा दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में अंडर-17 महिला फुटबाल विश्व कप के आयोजन की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस विश्व कप का आयोजन 11 से 30 अक्टूबर 2022 तक किया जायेगा। इस विश्व कप का देश में पहली बार आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले भारत में अंडर -17 पुरूष विश्व कप का आयोजन किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन में दुनिया भर की युवा महिला खिलाड़ी अपना जौहर दिखायेंगी।




उल्लेखनीय है कि फीफा ने 'तीसरे पक्ष के अनावश्यक हस्तक्षेप' का हवाला देते हुए 16 अगस्त, 2022 को भारत को निलंबित कर दिया था, जिसके बाद देश से फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी भी छिन गयी थी। फीफा ने कहा था कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संचालन के लिये गठित प्रशासकों की समिति के भंग होने और महासंघ के दैनिक कार्य एआईएफएफ प्रशासन के हाथों में जाने के बाद यह निलंबन हटा दिया जाएगा।

उच्चतम न्यायालय ने आवश्यक कदम उठाते हुए एआईएफएफ को उसके महासचिव सुनंदो धर के हवाले कर दिया था, जिसके बाद फीफा ने भारत से निलंबन हटा लिया। इस फैसले के साथ फीफा ने अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी भी भारत को लौटा दी।श्री ठाकुर ने कहा कि इस आयोजन के लिए एआईएफएफ को खेल के मैदान के रख-रखाव, स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता, ऊर्जा एवं केबल बिछाने तथा मैदान और प्रशिक्षण साइट की ब्रांडिंग आदि के लिए 10 करोड़ रूपये की सहायता दी जायेगी।

उन्होंने बताया कि इस सहायता का वित्तीय परिव्यय राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को सहायता योजना के लिए बजटीय आवंटन से वहन किया जाएगा।

## उथप्पा ने लिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास

नयी दिल्ली। भारत की एक दिवसीय और टी-20 टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज राबिन उथप्पा ने बुधवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लेने का एलान किया।

उथप्पा ने ट्वीट कर कहा अपने देश और कर्नाटक राज्य का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत सम्मानजनक क्षण रहे हैं। एक न एक दिन हर किसी को सन्यास लेना होता है और कृतज्ञ हृदय के साथ मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है।

विकेटकीपर बल्लेबाज उथप्पा ने भारतीय टीम के लिए 46 एकदिवसीय और 13 टी-20 मुकाबले खेले हैं। वह हालांकि भारत की टेस्ट टीम में जगह बनाने में असफल रहे। उथप्पा (36) ने नौ अप्रैल 2006 को गुवाहटी के नेहरू स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतर कर अपने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत की थी।

उनका आखिरी एक दिवसीय मुकाबला 14 जुलाई 2015 को हरारे में जिमबाववे के खिलाफ था। उथप्पा ने 25.94 की औसत से 46 अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैचों में भारत के लिये 934 रनों का योगदान दिया जिसमें उनके पदार्पण मैच के 86 रन शामिल हैं।

कर्नाटक की विस्फोटक बल्लेबाज उथप्पा ने अपने टी-20 करियर की शुरूआत 13 सितंबर 2007 को स्काटलैंड के खिलाफ की जबकि अंतिम टी-20 मुकाबला 19 जुलाई 2015 को हरारे में जिंबाववे के खिलाफ खेला। वह 2007 टी-20 विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रहे। उथप्पा ने अपने टी-20 करियर में 118 के स्ट्राइक रेट से 249 रन बनाये। उथप्पा ने एकदिवसीय और टी-20 मैचों में कुल 1183 रन बनाए।

आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिये उथप्पा पंसदीदा खिलाड़ी रहे। मुबंई इंडियन का साथ निभाकर उन्होने अपने आईपीएल करियर का आगाज किया मगर इस बीच उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स और रायल चैलेंजर बैंगलोर ने भी पसंद कर अपनी टीम में जगह दी। उन्होंने 205 आईपीएल मैचों में 130.25 के स्ट्राइक रेट से 4959 रन बनाये हैं जिसमें उनके 481 चौके और 182 छक्के हैं कि उनका खेलने का अंदाज विस्फोटक बल्लेबाज की तरह रहा है।

## मुंबई इंडियंस ने जयवर्धने, जहीर को नयी जिम्मेदारी सौंपी

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने वैश्विक क्रिकेट में अपनी पहचान को और मजबूत करने के लिए एक केंद्रीय टीम का गठन किया है जिसमें दिग्गज खिलाड़ी महेला जयवर्धने और जहीर खान को नयी जिम्मेदारियों के साथ शामिल किया गया है।

मुंबई इंडियंस ने बुधवार को यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, एमआई अमीरात और एमआई केप टाउन की टीमों के जुड़ने से एमआई परिवार% बड़ा हो गया है। मुंबई इंडियंस के विस्तार के साथ टीम प्रबंधन ने एक ऐसे केंद्रीय टीम की आवश्यकता महसूस की जो व्यवहार, मूल्यों और सीखने-सिखाने में निरंतरता को सुनिश्चित कर सके।

फ्रेंचाइजी ने बताया कि महेला जयवर्धने को केंद्रीय टीम में 'ग्लोबल हेड ऑफ परफॉर्मेंस' बनाया गया है। वह दुनिया भर में मुंबई इंडियन्स समूह के क्रिकेट कार्यों की देख-रेख करेंगे। इसमें समग्र रणनीतिक योजना बनाना, एक एकीकृत वैश्विक 'हाई परफॉर्मेंस




ईको-सिस्टम' का निर्माण करना और प्रत्येक टीम की कोचिंग एवं सपोर्ट स्टाफ की जिम्मेदारी शामिल है। साथ ही वह टीम के मुख्य कोचों के साथ मिलकर टीमों में तालमेल को भी सुनिश्चित करेंगे।

विज्ञप्ति के अनुसार ज़हीर खान को एमआई का 'ग्लोबल हेड ऑफ क्रिकेट डेवलपमेंट' नियुक्त किया गया है। उनपर खिलाड़ियों के खेल में निखार लाने के जिम्मेदारी होगी। दुनिया भर में प्रतिभाओं की पहचान करना, उन्हें संवार कर आगे बढ़ाना ज़हीर काम का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने इस मौके पर कहा, मैं महेला जयवर्धने और ज़हीर खान को हमारी वैश्विक कोर टीम के हिस्से के रूप में पाकर बेहद खुश हूं। दोनों एमआई परिवार का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं और क्रिकेट एमआई की भावना का प्रतीक हैं। मुझे विश्वास है कि वे विश्व स्तर पर हमारी सभी टीमों के माध्यम से समान प्रवाह सुनिश्चित करने में सक्षम होंगे और दुनिया भर में क्रिकेट के ईको-सिस्टम में बदलाव लाएंगे।

जयवर्धने ने कहा, एमआई के वैश्विक क्रिकेट संचालन का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

अंबानी और आकाश के नेतृत्व और मार्गदर्शन ने एमआई को दुनिया की सबसे मूल्यवान क्रिकेट फ्रैंचाइज़ी बना दिया है और मैं एमआई को विश्व स्तर पर बढ़ते हुए देखकर बहुत खुश हूं।

## आस्ट्रेलिया के तीन अहम खिलाड़ी भारत दौरे से बाहर

**एजेंसी**

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया ने अपने तीन चोटिल दिग्गज खिलाड़ियों को अगले महीने होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखते हुये भारत दौरे से बाहर रखा है। अनुभवी मिचेल स्टार्क घुटने की समस्या से जूझ रहे है जबकि हरफनमौला मिचेल मार्श एड़ी और मार्कस स्टोइनिस मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 20 सितंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज में नहीं खेलेंगे।

तीनों दिग्गज खिलाड़ियों के 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप के पहले मुकाबले तक फिट होने की उम्मीद है। आस्ट्रेलिया ने 15 सदस्यीय दल में तेज गेंदबाज नाथन एलीस, डेनियल सैम्स और सीन एबोट को जगह दी है। टीम अगले हफ्ते भारत के लिये उड़ान भरेगी।

स्टोइनिस के तौर पर टीम को हुये नुकसान की भरपाई युवा टिम डेविड करेंगे जिनका यह पहला अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबला होगा वहीं मार्श की जगह अनुभवी स्टीव स्मिथ पर प्रबंधन ने एक बार फिर भरोसा जताया है। अनुभवी डेविड वार्नर को भी इस दौरे में विश्राम दिया गया है। आस्ट्रेलिया इस दौरे में भारत के खिलाफ अपना पहला टी-20 मुकाबला मोहाली में 20 सितंबर को खेलेगी जबकि उसका दूसरा मैच 23 सितंबर को नागपुर में होगा। दौरे के तीसरे और अंतिम मैच में टीम हैदराबाद में 25 सितंबर को मेजबान टीम से भिड़ेगी।

# भारत के फैसले से मजबूर हुई दुनिया, चावल की बढ़ेंगी कीमतें

नई दिल्ली। भारत ने पिछले दिनों टूटे चावल के निर्यात पर बैन लगा दिया था। इसके अलावा कई अन्य किस्मों के निर्यात पर टैक्स को 20 फीसदी तक कर दिया है। इससे बाजार में भारतीय चावल की कीमतें बढ़ गई हैं और दुनिया भर में संकट गहराने की आशंका है। एशियाई देशों समेत दुनिया के कई मुल्कों ने भारत की बजाय अब चावल खरीद के लिए दूसरे देशों का रुख करना शुरू कर दिया है। लेकिन संकट यह है कि दूसरे देशों ने हालात का फायदा उठाते हुए ज्यादा कीमत वसूलनी शुरू की है। वहीं इस साल भारत के चावल एक्सपोर्ट में 25 फीसदी तक की कमी आने की संभावना है।

### इस साल भारत का एक्सपोर्ट 25 फीसदी तक होगा कम

भारत सरकार ने बैन और टैक्स में इजाफे का फैसला लेते हुए कहा था कि

**निर्यात में आएगी 25 फीसदी तक की कमी**



देश में इस बार बुवाई कम हुई है और लेट भी है। इसलिए घरेलू स्तर पर संकट से बचने के लिए यह फैसला लिया गया है। राइस एक्सपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बीवी कृष्ण राव ने कहा, कस्टम ड्यूटी में इजाफे से भारत का चावल महंगा हो गया है। इस साल एक्सपोर्ट में 5 मिलियन टन तक की कमी आ सकती है। इस साल भारत से चावल के निर्यात का आंकड़ा 16.2 मिलियन टन तक ही सीमित रह सकता है। बता दें कि बीते वित्त वर्ष में भारत से चावल का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 21.2 मिलियन टन हो गया था।

### 5 दिनों में ही चावल की कीमतों में तेजी से आया उछाल

भारत का चावल निर्यात भारत के बाद आने वाले 4 अन्य देशों के कुल आयात से भी ज्यादा था। भारत के बाद थाईलैंड, वियतनाम, पाकिस्तान और अमेरिका चावल के सबसे बड़े निर्यातक देशों में हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के फैसले की वजह से एशिया समेत दुनिया भर के बाजारों में चावल की कीमत बढ़ जाएगी। भारतीय बैन के 5 दिनों में ही कीमतों में चार से 5 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। आने वाले दिनों में यह और ज्यादा हो सकता है। भारत के बैन के बाद वियतनाम और थाईलैंड जैसे देशों ने वाइट राइस की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है।

### जून में गेहूं के एक्सपोर्ट पर भी भारत ने लगा दिया था बैन

बता दें कि भारत ने जून में गेहूं के एक्सपोर्ट पर भी रोक लगा दी थी, जिस पर यूरोपियन यूनियन समेत कई देशों ने ऐतराज जताया था। लेकिन भारत ने जवाब देते हुए कहा था कि अमीर देश खाद्यान्न की खरीद कर लेते हैं और फिर गरीब देशों की जरूरत पर उन्हें नहीं मिल पाता।

भारत ने कहा था कि हमने अपने और पड़ोसी देशों की खाद्य सुरक्षा के लिए यह फैसला लिया है।

### मन्नार द्वीप में बढ़ाया जाये डालर का चलन : गैमगे

कोलंबो। श्रीलंका की पर्यटन मंत्री डायना गैमगे ने सुझाव दिया है कि मन्नार द्वीप को एक मनोरंजन क्षेत्र में तब्दील कर देना चाहिये ताकि सभी लेनदेन अमेरिकी डॉलर में किए जा सकें। डेली मिरर ने पर्यटन राज्य मंत्री गैमगे के हवाले से लिखा है कि कोलंबो शहर में रात 10 बजे के बाद आमतौर पर कोई मनोरंजन गतिविधियां नहीं होती हैं। ज्यादातर पर्यटक शहरों में लजीज भोजन का लुफ्त उठाने और पब में समय बिताने के लिये आते हैं लेकिन कोलंबो में दुकाने और मनोरंजन स्थल रात दस बजे के बाद बंद हो जाते हैं। मंत्री ने कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि देश में रात्रि अर्थव्यवस्था को विकास हो। मनोरंजन के मकसद लोगों को कोलंबो भ्रमण का अवसर दिया जाना चाहिये।

## गुजरात के सेमीकंडक्टर प्लांट से कैसे चीन को मिलेगी मात, क्यों बढ़ी ड्रैगन की टेंशन

नई दिल्ली अहमदाबाद। दुनिया की सेमीकंडक्टर कैपिटल के तौर पर पहचान रखने वाले ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन के साथ भारतीय कंपनी वेदांता ने जॉइंट वेंचर का ऐलान किया है। इसके तहत गुजरात में एक सेमीकंडक्टर प्लांट की स्थापना होगी। कहा जा रहा है कि इससे भारत सेमीकंडक्टर की जरूरतों को पूरा कर सकेगा और दूसरे देशों को एक्सपोर्ट करने की स्थिति में भी होगा। भारत की यह डील उसके लिए तो फायदेमंद है ही बल्कि चीन जैसे प्रतिद्वंद्वी की चिंता बढ़ाने वाली भी है। अहमदाबाद के पास बनने वाले इस प्रोजेक्ट पर 1.54 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। संयुक्त उपक्रम में वेदांता का हिस्सा 60 फ़ीसदी होगा, जबकि ताइवान की कंपनी की 40 फ़ीसदी हिस्सेदारी होगी।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भारत की ओर से कुछ रियायतें इंडस्ट्रीज को दी गई तो फिर इलेक्ट्रॉनिक सामान के आयात में 40 फीसदी तक की कमी आ जाएगी। भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का बड़ा हिस्सा चीन से ही इंपोर्ट होता है। ऐसे में यह ड्रैगन के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि भारत सेमीकंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की मैन्युफैक्चिंग में आत्मनिर्भर बन सकेगी। लेकिन भारत को इसके लिए थोड़ी उदारता दिखानी होगी। सेमीकंडक्टर बिजनेस के जानकार कहते हैं कि सेमीकंडक्टर के दिग्गज देशों ने बड़ी चिप मेकर कंपनियों को इंसेंटिव देने के लिए जिस तरह से अपना ख़ज़ाना खोल दिया है, उसमें भारत जैसे नए खिलाड़ी के लिए खेल और मुश्किल होगा।

सेमीकंडक्टर की अहमियत को इससे समझा जा सकता है कि सैन्य और आर्थिक बल में ताइवान से कहीं ज्यादा मजबूत होने के बाद भी चीन उस पर हमले का जोखिम नहीं लेता। इसकी वजह यही है कि ताइवान दुनिया में सेमीकंडक्टर कैपिटल है और उससे अटैक से चीन की टेक कंपनियां प्रभावित होंगी। आज मोबाइल, कार, टीवी, रेडियो समेत तमाम इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम में सेमीकंडक्टर का इस्तेमाल होता है।

### फ्रांस के जंगलों में आग लगने से 3,200 हेक्टेयर जमीन जलकर खाक

पेरिस। फ्रांस के दक्षिण-पश्चिमी विभाग गिरोंडे के जंगलों में सोमवार को लगी आग से अबतक 3,200 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि जलकर खाक हो चुकी है और 840 लोगों को निकासी के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह जानकारी बुधवार को गिरोंडे के प्रांत ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। प्रान्त ने मंगलवार को कहा,गिरोंडे और अन्य विभागों के 900 से ज्यादा अग्निशामकों को एकत्रित किया जाएगा, अन्य विभागों से मदद के लिए लोगों का आने के लिए धन्यवाद। आज सुबह दो कैनेडायर, एक डैश और तीन वाटर बॉम्बर हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। प्रांत ने कहा कि ले पोर्ज और अन्य नगरपालिकाओं से निकासी किए गए लोगों को आपातकालीन आवास प्रदान की जा रही है। उसने कहा कि इस समय किसी प्रकार के निकासी की योजना नहीं है। स्थानीय मीडिया के अनुसार इस गर्मी में शुष्क मौसम और लू के कारण गिरोंडे विभाग की 30,000 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि जलकर खाक हो गई।

### आर्मेनिया, अजरबैजान के बीच झड़प में मारे गए करीब सौ सैनिक

येरेवान। आर्मेनिया और अजरबैजान के नागोर्नो-कराबाख सीमा पर तैनात सैनिकों के बीच भीषण युद्ध में करीब 100 सैनिक मारे गए है। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक डॉन में बुधवार को प्रकाशित खबरों के अनुसार अज़रबैजान के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को जानकारी दी कि आर्मेनिया के सैनिकों के बड़े पैमाने पर सीमा लांघने पर हुई भिडंत में अज़रबैजान के करीब 50 सैनिक मारे गए और आर्मेनिया के करीब 49 सैनिक मारे गए। इससे पहले, रूस ने मध्यस्थता करके दोनों देशों के बीच संघर्ष को समाप्त कर दिया था, लेकिन इन दोनों देशों के बीच तनाव फिर भी बना रहा और यह तनाव कल सीमा पर भड़क उठा, जिसमें करीब 100 सैनिकों की जान चली गई। आर्मेनिया ने अज़रबैजान पर आगे बढ़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। इसके बाद लड़ाई शुरू होने के बाद उसने दुनिया के नेताओं से मदद की अपील की। आर्मेनिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि युद्धविराम के बाद संघर्ष कम हो गया था, लेकिन सीमा पर स्थिति अभी भी 'बेहद तनावपूर्ण' है। तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लू ने अज़रबैजान के समकक्ष जेहुन बायरामोव के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में कहा कि आर्मेनिया को सीमा उल्लंघन करना बंद करना चाहिए और अज़रबैजान के साथ शांतिपूर्ण वार्ता करके सहयोग की भावना रखनी चाहिए।

### रूसी सैनिकों पर यूक्रेन के नागरिकों को यातनाएं देने का आरोप

खार्किव। उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में रूसी सेना के हमले का माकूल जवाब देते हुए यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कब्जे वाले हिस्सों को फिर से अपने कब्जे में ले लिया और रूसी सैनिकों को वहां से खदेड दिया है, लेकिन नव-मुक्त क्षेत्रों में राहत के साथ दुख भरी खबरें भी जुड़ी हैं। जिसमें रूसी कब्जे वाले इलाकों से नागिरकों को यातना और उनकी हत्याओं की रिपोर्ट मिल रही है। खार्किव क्षेत्र के बालाक्लिया शहर में रहने वाले आर्टेम ने बीबीसी को बताया कि रूसी सैनिकों ने उन्हें 40 दिनों से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान सैनिकों ने अपनी क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए, नागरिकों को बिजली के झटके दिए थे। छह महीने से अधिक समय तक कब्जा करने के बाद 08 सितंबर को बालकलिया को रूसी सेना से मुक्त कराया गया था। उन्होंने बताया कि क्रूरता का केंद्र शहर का पुलिस थाना था जिसे रूसी सेना अपने मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल करती थी। बीबीसी की रिपोर्ट में पीड़ित आर्टेम ने बताया कि वह अन्य कक्षों से आने वाले दर्द और आतंक की चीखें सुनता था। रूसी सेना ने वहां रहने वालों लोगों की आवाज बाहर न सुनायी दे इसके लिए उसे साउंड प्रूफ बनाया गया था। आर्टेम ने बताया कि रूसी सेनाएं पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं के साथ भी क्रूरता का व्यवहार करते थे और वे इस दौरान बंदी बनाए लोगों को बिजली से झटके देते थे। पीड़ित ने कहा कि उन्हें भी दो बार तार पकड़वाए गए। इस दौरान, एक विद्युत जनरेटर था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# नदी पर बनाया जाता है बर्फ का होटल, दूर-दूर से ठहरने आते हैं पर्यटक!

**दुनियाभर में कई तरह के घुमक्कड़ होते हैं जो तरह-तरह की जगह जाना पसंद करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जिन्हें अजीबो-गरीब होटल देखना या वहां ठहरना भी पसंद होता है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही शौक रखते हैं तो आज हम आपको एक ऐसे ही अजीबो-गरीब होटल के बारे में बताने जा रहे हैं जो पूरी दुनिया में अपनी खासियत के लिए मशहूर है।**



कुछ अलग दिखने की सूची में स्वीडन में मौजूद आइस होटल शमिल है। ये अपने हटके प्रस्तुति के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काफी पुराना होने के बावजूद भी ये होटल अपने कलाकारी के लिए लोगों के बीच आकर्षित है। यहां हर साल कलाकार अलग-अलग कलाकारियां करते हैं। आइए आपको आइस होटल की अन्य खासियत के बारे में बताते हैं, जो आपको हैरान कर सकती हैं...

## नदी पर बना हुआ होटल

स्वीडन के टॉर्न नदी के ऊपर आइस होटल बना हुआ है। ये होटल पूरी तरह से बर्फ का बना हुआ होता है। इसकी खासियत है कि ये पिघलकर नदी का रूप ले लेता है। तय समय तक ये आइस होटल रहता है और फिर हर साल इसे बनाया जाता है। हर साल ये अलग-अलग आकर और कलाकारियों के साथ बनाया जाता है। जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां ठहरने के लिए पर्यटकों को 1 साल पहले ही बुकिंग करनी होती है।

## अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है होटल

जब तक मौसम ठंडा और बर्फदार रहता है तब तक ये होटल अपने ठोस आकार में नदी पर मौजूद रहता है। वहीं, तापमान गर्म होने पर ये पिघलकर पानी में बदल जाता है। इसे हर साल नए-नए डिजाइन में बनाया जाता है। यहां आकार दुनियाभर के कलाकार अपनी कलाकारियां दिखाते हैं।

## काफी कम तापमान के होते हैं कमरे

सोलर पॉवर कूलिंग की मदद से होटल के कमरों को बनाया जाता है। यहां ज्यादातर लाइट्स या अन्य उपकरणों को सौर ऊर्जा से ही चलाया जाता है। ये होटल इकोफ्रेंडली होने के कारण लोगों के लिए पहली पसंद में से एक है। यहां के कमरों का तापमान काफी कम होता है। बर्फ की मोटी-मोटी परत को काटकर कमरा बनाया जाता है। गर्मी आने तक ये होटल बर्फ के तौर पर रहता है और फिर अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है।

## बर्फ के सेरेमनी हॉल और रेस्त्रां भी मौजूद

साल 1992 में पहली बार ये होटल खोला गया था। यहां मौजूद रेस्त्रां, सेरेमनी हॉल और कॉम्प्लेक्स को बर्फ से ही बनाया जाता है। इतना ही नहीं, होटल के फर्नीचर, दीवार, बार समेत अन्य चीजों को भी बर्फ से ही बनाया जाता है। यहां एक से एक डिजाइनिंग वाले कमरे मौजूद हैं।

# कम से कम खर्च में घूमने के लिए अपनाएं यह टिप्स, जेब पर नहीं पड़ेगा जोर



**घूमना** आखिरकार किसे अच्छा नहीं लगता। हर दिन के तनाव और रूटीन से ब्रेक लेते हुए नई जगहों को एक्सप्लोर करने का अपना एक अलग ही आनंद है। लेकिन फिर भी मध्यम वर्गीय परिवार चाहकर भी घूमने नहीं जा पाते और उसकी वजह होती है बजट। चार-पांच महीने में अगर एक बार भी घूमने का प्लॉन बनाया जाए तो इससे पूरा बजट बिगड़ जाता है और सेविंग भी काफी हद तक खर्च हो जाती है। हो सकता है कि आप भी पैसों के चक्कर में घूमने ना जा रहे हों। लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप ट्रेवलिंग के दौरान पैसों की भी बचत कर सकते हैं-

## प्लान करें ट्रिप

जब आप किसी नई जगह पर घूमने का विचार कर रहे हैं और चाहते हैं कि उसमें आपके काफी सारे पैसे खर्च ना हो तो इसके लिए आपको अपनी ट्रिप को प्लॉन करना चाहिए। आप जहा जा रहे है, इसके लोगों, संस्कृति, रीति-रिवाजों और भोजन आदि के बारे में थोड़ा-बहुत जानना आपको बहुत परेशानी से बचाएगा। इसके अलावा रिसर्च आपको उन महंगे शहरों के बारे में बताएगा जिनसे आप बचना चाहते हैं। रिसर्च के जरिए आप उस जगह की सस्ती जगहों व लोकल फूड के बारे में जान पाएंगे।

## सोच-समझकर चुनें एयरलाइन

यदि आप अपनी यात्रा के लिए सही एयरलाइन नहीं चुनते हैं तो आपको फ्लाइंग पर अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ सकता है एक बजट एयरलाइन आपको कुछ पैसे बचा सकती है, इसलिए ट्रेवल के लिए आप सोच-समझकर एयरलाइन बुक करें। साथ ही अलग-अलग समय पर फ्लाइंग के चार्जेस अलग होते हैं, इसलिए उस पर भी फोकस जरूर करें।

## ऑफ-सीजन में यात्रा करें

यह एक ऐसी ट्रिक है, जो ट्रेवल के दौरान आपको काफी सारे पैसे खर्च होने से बचा सकती है। पीक सीज़न के दौरान यात्रा करने से आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते है, इसलिए पीक सीज़न की यात्रा से बचना समझदारी है। एयरलाइंस, होटल और फूड प्राइस आदि छुट्टियों के दौरान और क्रिसमस, ईस्टर, ईद और दिवाली जैसे अवसरों पर बढ़ जाती है। ऐसे में आप ऑफ सीजन में घूमने का प्लॉन करें। इससे आपके पैसे भी कम खर्च होंगे और भीड़ कम होने के कारण आप अच्छी तरह एंजॉय भी कर पाएंगे।

## खाएं लोकल फूड

अगर आप बजट में घूमना चाहते हैं तो आपको अपने फूड पर भी फोकस करना चाहिए। ओवरप्राइज्ड कैफ़े और रेस्तरां में आपको बहुत सारे पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं जिन्हें आप स्थानीय स्थानों पर जाकर बचा सकते हैं जो ताजा भोजन परोसते हैं। इससे एक लाभ यह भी होगा कि आपको उस जगह के ऑथेंटिक फूड का स्वाद चखने का मौका मिलेगा।

हैप्पी हनीमून





# करना है पॉकेट फ्रेंडली हैप्पी हनीमून तो घूमें इन जगहों पर

**शादी** के बाद हनीमून किसी भी नवविवाहित जोड़े के लिए एक यादगार वक्त होता है। हनीमून ट्रिप को लेकर कपल्स के मन में कई तरह की एक्साइटमेंट होती है। लेकिन बहुत से कपल्स सिर्फ इसलिए हनीमून पर नहीं जा पाते, क्योंकि वह उनकी पॉकेट से बाहर होता है। हो सकता है कि आपकी भी जल्द शादी होने वाली है और आप कम बजट में हैप्पी हनीमून ट्रिप प्लॉन करना चाहते हैं तो ऐसे में आप इन जगहों पर जा सकते हैं-

## हिमाचल प्रदेश

दिल्ली से 400 किलोमीटर की दूरी पर हिमाचल प्रदेश एक बेहद ही खूबसूरत जगह है, जहां पर आप कम बजट में अपने पार्टनर के साथ घूमने जा सकते हैं। यह आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा का घर है और इसमें कई जगह हैं, जैसे कि भागसू फॉल्स, शिव कैफ़े आदि जगहों पर जा सकते हैं और ट्रैकिंग और अन्य एडवेंचर्स एक्टिविटीज कर सकते हैं। यहां पर आपको व्यक्ति प्रति दिन 300 रूपए में ठहरने की जगह मिल सकती है।

## केरल

केरल एक बेहद ही खूबसूरत राज्य है और न्यू कपल्स के लिए इसे एक बेहतरीन घूमने की जगह माना जाता है। यहां की नेचुरल ब्यूटी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। केरल को भगवान का अपना देश माना जाता है, जिस कारण हर व्यक्ति केरल के मंदिरों को देखना चाहता है। यहां बहुत सिद्ध मंदिर हैं। कुछ मंदिरों में पद्मनाभस्वामी मंदिर, गुरुवायुर मंदिर, वडक्कुन्नत मंदिर, अनंतपुरा झील मंदिर, थिरुमन्धाकुन्नु मंदिर, पडियानूर देवी मंदिर आदि प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। यह पद्मनाभस्वामी मंदिर है जो यहाँ बहुत प्रसिद्ध है।

## उदयपुर

राजस्थान राज्य में कई बेहतरीन घूमने की जगहे हैं, लेकिन आप कम बजट में राजस्थान में हनीमून पर जाना चाहते हैं तो ऐसे में आपको उदयपुर जाना चाहिए। यह अपेक्षाकृत काफी सस्ता है। आप यहां पर सिटी पैलेस से लेकर पिंचोला झील आदि कई खूबसूरत जगहों का लुत्फ उठा सकते हैं।

## आगरा

आगरा के ताजमहल को दुनिया के सात अजूबों में शामिल किया गया है। यह बेमिसाल प्यार की निशानी है। ऐसे में आपके लिए आगरा से बेहतर घूमने की जगह कौन सी होगी। यहां घूमने में आपको 5000 रूपए से भी कम का खर्च आएगा। आगरा में आप ताजमहल के अलावा आगरा का किला, फतेहपुर सिकरी आदि घूम सकते है। वैसे अगर आप आगरा जा रहे हैं तो वहां का फेमस पेठा खाना ना भूलें।

